



# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 279/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10   संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल   आर.एन.आई 22296/71   डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 30 मई 2023   भोपाल से प्रकाशित   dainiksandhyaprakash.in


### राज्य युवा सलाहकार परिषद का गठन

**भोपाल।** राज्य सरकार ने राज्य युवा सलाहकार परिषद का गठन किया है, मुख्यमंत्री इसके अध्यक्ष होंगे। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा मप्र युवा आयोग के अध्यक्ष इसके उपाध्यक्ष होंगे। सदस्य सचिव प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सदस्य मेघदीप बोस, अनुभव दुबे, सूर्यपाल सिंह, प्रतीक संचती, सोनू गोलकर, कार्तिक सप्रे, अदिति झंवर, तेजल शाह, हिमाद्री सिंह, विनायक लोहानी, आशुतोष ठाकुर, गजेंद्र सिंह तोमर बनाए गए हैं।

**केंद्र सरकार के 9 साल पूरे, पार्टी का आज से महाजनसंपर्क अभियान**

# हर फैसला लोगों की भलाई के लिए लिया: मोदी

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार को आज यानी 30 मई को 9 साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया- आज जब राष्ट्र की सेवा में हमारे 9 साल पूरे हो रहे हैं। मैं विनम्रता और आभार से भर गया हूं। हमने हर फैसला लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लिया। विकसित भारत बनाने के लिए हम और भी ज्यादा मेहनत करते रहेंगे।

भाजपा ने एक महीने तक देशभर में जनसंपर्क अभियान चलाने का फैसला किया है। पार्टी 30 मई से 30 जून के बीच पूरे देश में लगभग 50 रैलियां करने की योजना बना रही है। इन रैलियों में आधा दर्जन से ज्यादा रैलियों को प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। वे 31 मई को अजमेर में रैली करेंगे। वहीं भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सहित अन्य मंत्री भी इस जनसंपर्क अभियान में शामिल होंगे।



गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया- मोदी सरकार के 9 साल सुरक्षा, राष्ट्रीय गौरव, विकास और गरीब कल्याण के अभूतपूर्व 9 साल रहे। आज एक ओर मोदी जी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है, विश्व में गौरव के नए पहलू बना रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार ने विकास और गरीब कल्याण के नए मापदंड स्थापित किए गए।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लिखा- मोदी सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीबों के कल्याण के रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, वैश्विक स्थिति, आर्थिक सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं।

इसके पहले भाजपा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी। इसके तहत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुंबई, खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अहमदाबाद, राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बेंगलुरु, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लखनऊ, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुवाहाटी, पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने भोपाल, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने हैदराबाद में मीडिया को संबोधित किया। जितेंद्र सिंह ने चेन्नई, स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोलकाता, गजेंद्र सिंह ने पटना, उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने जयपुर, स्मृति ईरानी ने रोहतक में प्रेस कॉन्फ्रेस कर सरकार की उपलब्धियां बताईं।

**सांध्यप्रकाश विशेष**




# दिव्यांग खिलाड़ियों को देंगे अधिक से अधिक सुविधाएं: चौहान

**स्पेशल ओलंपिक में जा रहे दिव्यांग खिलाड़ियों ने की मुख्यमंत्री से भेंट**

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। इन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के साथ ही शासकीय सेवाओं में प्राथमिकता, खेल क्षेत्र में आवास सुविधा के साथ प्रशिक्षण और अन्य प्रोत्साहन दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री निवास में जुलाई माह में दिव्यांग पंचायत भी होगी, इसमें प्रदेश के लगभग ढाई हजार दिव्यांग शामिल होंगे जिनमें खिलाड़ी एवं अन्य क्षेत्रों की दिव्यांग प्रतिभाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान से आज स्पेशल ओलंपिक भारत नई दिल्ली की चेयरमैन श्रीमती मल्लिका नड्डा और क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बनर्जी और अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खिलाड़ियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी और अपने हाथों से मिठाई खिलाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसके पूर्व श्रीमती नड्डा के मुख्यमंत्री निवास पहुंचने पर उनका स्वागत किया।दिव्यांग खिलाड़ियों का भी मुख्यमंत्री निवास में अभिनंदन किया गया।



जर्मनी के बर्लिन में आगामी 17 से 24 जून तक हो रही अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (स्पेशल ओलंपिक) में करीब 180 देशों के 7000 मानसिक दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। भारत के 225 खिलाड़ी और 60 कोच भी इसमें शामिल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश से 3 खिलाड़ी और 4 कोच जो सभी महिला हैं, इस स्पेशल ओलंपिक के लिए 6 जून को भोपाल से रवाना होंगे।

# विमान से बुजुर्ग पति-पत्नी भी कर सकेंगे नि:शुल्क तीर्थ यात्रा

**इंदौर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराए जाने के नियमों में आंशिक संसोधन किया गया है। अब हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा पति-पत्नी भी कर सकेंगे। पूर्व में परिवार से सिर्फ एक ही व्यक्ति को यात्रा की पात्रता थी। पात्रता रखने वाले पति-पत्नी बुजुर्गों से 3 जून तक गंगा सागर यात्रा के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

जिला पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर जिले के वरिष्ठ नागरिकों को हवाई जहाज से इंदौर से गंगासागर की तीर्थ यात्रा करायी जाएगी। तीर्थ यात्रा के लिए हवाई जहाज इंदौर से 16 जून को रवाना होगा। जिन बुजुर्गो ने पूर्व में आवेदन किये हैं, वे अपने जीवन साथी (पति/पत्नी) के आवेदन देकर अपने आवेदन में नाम मर्ज करवा सकते हैं। नए आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं। यात्रा में जाने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक है, वे निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 3 जून 2023 है। तीर्थ यात्रियों के लिये आरक्षित सीटों की संख्या 32 है। तीर्थ यात्रा हेतु इंदौर के समस्त झोनल कार्यालय, नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत इंदौर, सांवेर, महू, देपालपुर स्थित कार्यालयों से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर वहीं जमा किये जा सकते हैं।




### यात्रियों के लिए नियम

तीर्थ यात्रा पर जाने वाले व्यक्ति के लिए मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिये। 65 वर्ष से अधिक आयु होना चाहिए। आयकरदाता नहीं होना चाहिए। पति-पत्नि दोनों आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का लाभ पूर्व में नहीं लिया गया हो। यात्रा के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम हो और किसी प्रकार की गंभीर रोग से ग्रसित न हो। यदि आवेदक द्वारा असत्य जानकारी देकर या तथ्यों को छिपाकर आवेदन किया जाता है तो उसे किसी भी समय योजना के लाभों से वंचित किया जा सकेगा।


OUR PREDICTION CAME TRUE
WHISPERSINTHECORRIDORS.COM
P K Srivastava was sworn in as CVC on May 29
(WE SAID THIS ON OCTOBER 18, 2022)
Will Srivastava be new CVC?
Grapevine has it that Vigilance Commissioner P K Srivastava is going to succeed Suresh Patel as Chief Vigilance Commissioner in the CVC. He is a 1988 batch IAS officer.



# 30 वर्षों से रेलवे स्टेशन पर नि:शुल्क शीतल जल सेवा

**ग्वालियर।** विगत शनिवार 27 मई को ग्वालियर रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पर जश्न के माहौल में फूल मालाओं से लदी दो नई पानी की टंकी वाली जल गाड़ियां पंजाबी परिषद को जल सेवा के लिए भेंट की गई । ज्ञातव्य हो कि पंजाबी परिषद गर्मी के दिनों में रेलवे स्टेशन पर मुसाफिरों को सुबह 9ः00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक निःशुल्क शीतल जल सुलभ करा रही है। जन सहयोग से चलने वाली इस सेवा में उस दिन एक जल गाड़ी श्रीमती कुसुम पोतनीस ने और दूसरी जल गाड़ी केशव मजूमदार ने भेंट की थी। कुछ अरसा पूर्व हरियाणा अंबाला के श्री विजय जोहर ने भी अपने माता पिता की स्मृति में एक जल गाड़ी और चंडीगढ़ से भी एक व्यक्ति ने जल सेवा के लिए सहयोग राशि पंजाबी परिषद ग्वालियर को भेजी।



पंजाबी परिषद के अध्यक्ष अशोक मारवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि हजारा, मुल्तान, झंग, सुजाबाद, पेशावर सहित विभाजन उपरांत पश्चिमी पंजाब से आए सभी बिरादरी वाले पंजाबी परिषद में शामिल हैं। जहां तक जल सेवा का प्रश्न है उसमें तो ग्वालियर नगर की प्रायः सभी जाति के लोग बड़े बूढ़े बच्चे और महिलाएं बतौर जल सेवक निःशुल्क सेवादारी कर रहे हैं। उस समय वहां श्रीमती मारवाह भी जल सेवकों के साथ जल पात्रों की सफाई में जुटी थीं।

तीस वर्ष पूर्व चार मटकों से प्रारंभ हुई जल सेवा में आज चार पेड वर्कर, 60 जल गाड़ियां और सवा सौ जल सेवक हैं, जो चारों प्लेटफार्म पर मुसाफिरों को शीतल जल पहुंचा रहे हैं। जल सेवकों में कई 70-80 की आयु पार वाले स्त्री-पुरुष, सेवानिवृत्त बैंक कर्मी, सफल व्यवसाई, युवा छात्र छात्राएं और एक भूजल वैज्ञानिक भी शामिल हैं। स्थानीय गुरुद्वारा भी इस कार्य में जल सेवकों को दोपहर का लंगर उपलब्ध करा कर अभूतपूर्व सहयोग कर रहा है।

# स्टार्ट-अप नीति में संशोधन को कैबिनेट की मंजूरी

**अजा-जजा के स्टार्टअप को सरकार चार चरणों में 72 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के उद्यमियों द्वारा स्थापित स्टार्टअप को सरकार चार चरणों में 72 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। इसके लिए मध्य प्रदेश स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन योजना 2022 में संशोधन के प्रस्ताव को आज कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई।



बैठक के बाद गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने कैबिनेट के निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सेबी अधिमान्य संस्था द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति के उद्यमियों के स्टार्टअप में निवेश पर सरकार एक बार में 18 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी, जो चार चरणों में अधिकतम 72 लाख रुपये की होगी। यह प्रविधान अभी महिला उद्यमियों के लिए लागू है। इसके साथ ही बैठक में वन्य प्राणियों द्वारा पशुहानि पर दी जाने वाली आर्थिक सहायता चार लाख रुपये को बढ़ाकर आठ लाख रुपये करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। केबिनेट ने मध्य प्रदेश कलाकार कल्याण कोष नियम-2023 जारी करने की स्वीकृति देते हुए कलाकारों को मिलने वाली सहायता राशि बढ़ाई। इसके अलावा नर्मदा घाटी विकास विभाग में 6474 अस्थाई पदों की निरंतरता जारी रखने के लिए नर्मदा घाटी विकास विभाग को प्राधिकृत करने संबंधी स्वीकृति दी गई। दमोह में एमबीबीएस की 100 सीटों वाले नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के लिए स्वीकृति प्रदान की गई।



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंबोडिया के राजा नोरोडोम सिहामोनी भारत की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर आए हुए हैं। मंगलवार सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजा सिहामोनी से मुलाकात की। इस दौरान कंबोडिया के राजा को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय मशाल दौड़ आयोजन में राज्यपाल के साथ शामिल हुए कृषि मंत्री कमल पटेल




**भोपाल।** टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में स्पेशल ओलंपिक अंतरराष्ट्रीय मशाल दौड़ को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में कृषि मंत्री एवं किसान नेता कमल पटेल के साथ मंच पर खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी शामिल हुई।

# राहुल के दावे पर सिंधिया का पलटवार, दिल्ली अभी दूर

**भोपाल।** गत दिवस कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस साल होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 150 सीटें जीतने का दावा किया, इस पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पलटवार करते हुए कहा है कि दिल्ली अभी दूर है। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा- कांग्रेस की यही दिक्कत है, बैठक दिल्ली में, बयान दिल्ली में और राज्य मध्य प्रदेश का. कांग्रेस का यही संकट है. एमपी की जनता गुहार लगा रही है कि दिल्ली अभी दूर है. बीजेपी का एक एक कार्यकर्ता जमीन पर डटकर जनता की प्रगति के लिए कार्य कर रहा है. आने वाले चुनाव में मध्य प्रदेश में फिर से पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी।



**दूसरों पर टिप्पणी करना कांग्रेस की आदत** – कमलनाथ को लेकर किए गए सवाल पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा मैं उन नेताओं में से नहीं हूं जो दूसरे नेताओं पर टिप्पणी करूं. एक जिंदगी में मिली है लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए. और यही बीजेपी और सिंधिया परिवार की आदत है. दूसरों पर टिप्पणी करना कांग्रेस की आदत है। बीजेपी नेता सिंधिया ने कहा कि पिछले 67 सालों में अनेक सरकारें रहीं, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि बिचौलियों को काटकर उनके खाते में 6 हजार रुपये प्रधानमंत्री डाल रहे हैं. साथ ही 4 हजार मिलाकर सीएम शिवराज किसानों के खाते में 10 हजार रुपये डाल रहे हैं।

# कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के सामने रखीं 12 मांगें, कहा- उच्चस्तरीय जांच आयोग गठित करें



**नई दिल्ली।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में शांति बहाली के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर हिंसा की खबरें आ रही हैं। इस हिंसा में कई लोगों की जान जा चुकी है। जहां आज सरकार ने पीड़ित परिवारों के दुख पर मरहम लगाने के लिए मुआवजे का एलान किया है। तो वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन की मांग की।

मणिपुर की स्थिति को लेकर मंगलवार दोपहर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। वहीं, कांग्रेस नेता ने बताया कि मणिपुर के बिगड़ते हालात को काबू लाने के लिए उन्होंने मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा। नेता ने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट के एक सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें रखी हैं।

### दिल्ली शराब नीति केस, सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति केस में मंगलवार को मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। सीबीआई के भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि सिसोदिया एक पावरफुल इंसान हैं और वे बाहर आएंगे तो गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

### आर-पार की लड़ाई के मूड में पहलवान, गंगा में बहाएंगे मेडल, इंडिया गेट पर करेंगे आमरण अनशन

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवान अब आर-पार की लड़ाई के मूड में आ गये हैं। आंदोलन में शामिल सभी पहलवानों ने ऐलान किया है कि वो आज शाम 6 बजे हरिद्वार जाकर अपने मेडल गंगा नदी में बहा देंगे।

# महाकाल को भी नहीं बख्शा प्रदेश सरकार ने: डॉ. गोविंद सिंह

**ग्वालियर।** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा है कि म.प्र. में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हो चुकी है यह इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने बारह ज्योर्तिलिंगों में एक महाकाल कॉरिडोर को भी नहीं छोड़ा। एक ही आंधी में महाकाल कॉरिडोर के निर्माण की पोल खुल गई। यदि तूफान आ जाता तो क्या स्थिति होती।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि महाकाल लोक के निर्माण में करोड़ों रूपये खर्च किये गये और जिस महाकाल लोक का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया उसी महाकाल लोक की मूर्तियां एक आंधी भी सहन नहीं कर सकी। डॉ. सिंह ने कहा कि महाकाल लोक निर्माण के समय ही इस बात का विरोध किया गया था कि मूर्तियां अष्टधातु की लगाई जायें, लेकिन सभी धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुये फायबर की मूर्तियां लगाई गई और उसका हश्र यह हुआ कि तेज हवा के झोंखों ने मूर्तियों को गिरा दिया।



नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि कई चरणों में प्रारंभ हुये महाकाल लोक कॉरिडोर के निर्माण में हुई अनियमितताओं की शिकायत तराना के विधायक श्री महेश परमार ने लोकायुक्त को की थी लेकिन वहां पर भी कोई कार्यवाही न कर लोकायुक्त डी.जी.पी. को ही हटा दिया गया। वर्ष 2022 के दिसम्बर में आहूत विधानसभा के सत्र में स्थगन के माध्यम से आरोप लगाया गया था कि 351 करोड़ के निर्माण लोक निर्माण विभाग व नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा कराये गये थे। जिसमें बिना किसी जांच के ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया। निर्माण कार्य में एस.ओ.आर. का पालन नहीं किया गया। ज्यादातर काम गुजरात की फर्मो एम.पी. बावरिया एवं डी.एच. पटेल की फर्म को दिये गये। साथ ही ज्वाइंट वेंचर पर भी कार्य कराये गये। 22 दिसम्बर, 2022 को विधानसभा प्रश्न क्र. (1090) नगरीय प्रशासन विभाग ने अपने जवाब में कहा कि 161 करोड़ 83 लाख का व्यय किया गया। बाद में यह राशि और बढ़ती गई। इस पूरे प्रकरण में खास बात यह है कि एग्रीमेंट तक गुजराती भाषा में किये गये है। जबकि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार मध्यप्रदेश में सारे कार्य हिन्दी में होगें उसके बाबजूद हिन्दी भाषा का मध्यप्रदेश में अपमान किया जा रहा है।

### गृहमंत्री को कॉल कर रोए कांग्रेस से निष्कासित जिलाध्यक्ष, कहा- कांग्रेस ने मेरे चरित्र की हत्या की

**भोपाल।** डिंडोरी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष को हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पद से हटाए जाने के बाद वीरेंद्र बिहारी शुक्ला ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कमलनाथ पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद उन्हें कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। अब शुक्ला ने खुद और परिवार की जान को खतरा बताते हुए गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से मदद मांगी है। वे कॉल पर खूब रोए। बोले- कांग्रेस ने मेरी चरित्र की हत्या कर दी है। सोशल मीडिया पर मेरे बारे में आपत्तिजनक पोस्ट की हैं। भोपाल में मीडिया से चर्चा के दौरान गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, कमलनाथ को ऐसा नहीं करना था। आपका जिला अध्यक्ष था। आपको तानाशाह कह दिया तो आप इतने बड़े डिक्टेटर हो गए कि उसके चरित्र हत्या की कोशिश करने लगे हो आप।



# राम-सीता प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के लिए प्राचीन हनुमान मंदिर से निकली राम बारात





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कोलूखेड़ी ओवर ब्रिज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर मोज़ा मोज दादा दरबार पर राम सीता प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अंतर्गत रविवार को विशाल श्रीराम बारात निकाली गई। इसका शुभारंभ खजूरी के श्री राम मंदिर से किया गया। राम बारात ईंटखेड़ी रोड से इंदौर भोपाल मुख्य मार्ग पर मार्केट से गुजरती हुई खजूरी बायपास से भौंरी बंगला होते हुए 8 किलोमीटर दूर बरखेड़ा सालम पहुंची जहां बारात का भव्य स्वागत किया गया। आधा किलोमीटर लंबी भव्य बारात देख लोग आश्चर्यचकित रह गए। खजूरी सड़क से बरखेड़ा के लिए निकली बारात की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बारात में 4 डीजी, 2 बैंड, 3 रथ, 5 घोड़े, 3 बग्गी, 20 ट्रेक्टर ट्रॉली और बड़ी संख्या में दो पहिया और 4 पहिया वाहन शामिल हुए थे। इस बारात में हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## विधायक शर्मा ने फ्लाईओवर निर्माण कार्य का किया निरीक्षण



**संत हिरदाराम नगर।** बहुप्रतीक्षित फाटक रोड पर 23 करोड़ से बन रहे फ्लाईओवर के निर्माण कार्य का विधायक रामेश्वर शर्मा ने निरीक्षण कर की प्रगति जानी। इस दौरान लोक निर्माण विभाग सेतु के कार्यपालन यंत्री जावेद शकील ने विधायक रामेश्वर शर्मा को अवगत कराया कि एक ओर 15 पिलर में से 13 पिलर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। जल्द ही इन पर स्लेव डालने का कार्य किया जाएगा। फाटक के दूसरे तरफ भी लगभग 15 पीलर का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। फाटक रोड पर बन रहे फ्लाईओवर की मांग पिछले 60 वर्षो से की जा रही थी। फ्लाईओवर निर्माण से संत नगर सीटीओ, 3 ईएमई सेंटर सहित लगभग 4 लाख आबादी इससे सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। ज्ञात हो कि विधायक रामेश्वर शर्मा के आमंत्रण पर 20 फरवरी 2023 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने फ्लाईओवर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था।

## श्री बटुक भैरवनाथ जयंती समारोह आज धूमधाम से मनाई जाएगी



संत हिरदाराम नगर। हर साल की तरह इस साल भी श्री बटुक भैरवनाथ जयंती समारोह 30 मई को धूमधाम व हर्षोल्लसा के साथ मनाई जाएगी। इसके लिए श्रीकाल भैरव मठ पर बटुकनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में एक सभा का आयोजन किया गया। सभी वक्ताओं ने श्री बटुक नाथ जयंती महोत्सव आयोजन के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। प्रातः काल से भगवान श्री बटुक भैरव नाथ का श्रृंगार, अभिषेक पूजन विजयम देहि हवन प्रारंभ होगा। दोपहर 2 बजे महाआरती और शाम को भजन संध्या का आयोजन होगा। कार्यक्रम के आयोजक महंत कैलाश दास पंडा बाबा ने सभी को यह जानकारी दी। इस अवसर पर मठ प्रवक्ता पंडित दीपक तिवारी भी उपस्थित थे।

## सतलापुर में नाली निर्माण का काम 4 माह से बंद



**मंडीदीप।** मंडीदीप नगर पालिका के अंतर्गत बन रहे सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में 8 किलोमीटर के नाली निर्माण का कार्य लगभग 4 माह से बंद पड़ा है जिसका खामियाजा आम जन को भुगतना पड़ रहा है नगर पालिका द्वारा 8 किलोमीटर के नाली निर्माण में लगभग 2 करोड़ 26 लाख से बन कर तैयार होना था परन्तु नाली निर्माण में खराब गुणवत्ता के कारण नगर पालिका के अधिकारियो ने काम को बंद करवा दिया जिसमें मुख्य तौर पर नगर पालिका के इंजीनियर एवं ठेकेदार के मिली भगत होना भी बताया जा रहा है यही नहीं नाली निर्माण की आखिरी तय समय 1 वर्ष का है जिसमें 9 माह में मात्र 4 किलोमीटर का ही निर्माण हो पाया यही नहीं नगर पालिका द्वारा इस काम के तकनिकी कारण बता कर काम तो बंद करवा दिया जिसमें नगर पालिका छेत्र के अंतर्गत सतलापुर हाउसिंग बोर्ड के आम जनता परेशान है यही नहीं नाली निर्माण में कई अनियमिता होना भी एक बड़ी बजह भी बताई जाती है।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में श्रद्धालुओं ने जमकर किया नृत्य, मिठाईयां बांटकर दी बधाईयां

ग्राम कुराना और उपनगर रेलवे गोदाम के पास चल रही सात दिवसीय कथा





**संत हिरदाराम नगर।** सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ग्राम कुराना में चल रहा है। कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव ब? ही उत्साह उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर खे?ापति हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही भागवत कथा के दौरान पंडित 1008 महामंडलेश्वर त्यागी महाराज भी उपस्थित हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को अपने उद्बोधन के दौरान धर्म के प्रति भाग लेने की अपील की। इसके बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा पण्डाल फूल मालाओं से सजाया गया। जैसे ही भगवान कृष्ण का जन्म हुआ तो पूरे पण्डाल नंद के घर आंनद भयो जय कन्हैया लाल के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य करते हुए एक दूसरे का बधाईयां दी और मिठाईयां बांटी। कथा वाचक बृज बिहारी शरण द्वारा भागवत कथा का रसपान ग्रामीणों को कराया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जगदीश पाराशर के ब? भाई स्वर्गीय बृजमोहन शर्मा के पुण्यतिथि के अवसर पर उनके बेटे द्वारा मुकेश पाराशर, संतोष पाराशर द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्रामीणों का भी सहयोग है पंडित संतोष पाराशर ने इस प्रतिनिधि को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 30 मई को विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है जिसमें भक्तों को प्रसाद के रूप में भोजन कराया जाएगा

इधर, संत हिरदाराम नगर रेलवे गोदाम के पास चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथा वाचक चेतन स्वरूप महाराज ने कहा कि सबको साथ लेकर चले, अमीरी, गरीबी और जात-पात का भेदभाव मिटाकर सब एक बने। व्यासपीठ का पूजन विश्व हिंदू परिषद मध्य भारत प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख विशाल पुरोहित ने किया। कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के भजनों पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर मुकेश सूर्यवंशी, आदित्य जोशी, पंडित रवि पटेरिया सहित ब?ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विभागीय-न्यायिक कार्यवाही जारी रहने पर भी मिलेगी अनंतिम पेंशन

**भोपाल ।** शासकीय सेवक को सेवानिवृत्ति के दिनांक तक विभागीय या न्यायिक कार्यवाही लम्बित रहने की स्थिति में निलम्बित रखा जाता है तो निलंबित होने के पहले की तारीख तक की अर्हकारी सेवा अवधि, अनंतिम पेंशन की गणना के लिए ली जाएगी। अर्हकारी सेवा के आधार पर अनुज्ञेय अधिकतम पेंशन के बराबर अनंतिम पेंशन कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत की जाएगी।

शासकीय सेवक के विरूद्ध विभागीय या न्यायिक कार्रवाई जारी रहने पर भी सेवानिवृत्त शासकीय सेवक को अनंतिम पेंशन की पात्रता होगी। राज्य शासन ने 19 मई 2023 को जारी आदेश में मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 में संशोधन किया है। सेवानिवृत्ति की तारीख से शुरू होकर विभागीय या न्यायिक कार्यवाई समाप्त होने के बाद सक्षम अधिकारी द्वारा अंतिम आदेश पारित होने तक की अवधि के लिए कार्यालय प्रमुख द्वारा सेवानिवृत्त शासकीय सेवक को अनंतिम पेंशन का भुगतान किया जाएगा। विभागीय या न्यायिक कार्यवाहियां समाप्त होने पर अंतिम आदेश जारी होने तक किसी उपदान राशि का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। पेंशन नियम 64 में हुए संशोधन में प्रावधान किया गया है कि विनिर्दिष्ट शास्तियों में से कोई शास्ति अधिरोपित करने के लिए संस्थित की गई हो तो सेवानिवृत्त शासकीय सेवक को अनुज्ञेय उपदान के 90 प्रतिशत तक अनंतिम उपदान का भुगतान किया जाएगा। सेवानिवृत्त शासकीय सेवक को दी गई अनंतिम पेंशन और उपदान राशि, विभागीय जाँच या न्यायिक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद स्वीकृत किए गए अंतिम सेवानिवृत्ति लाभों के विरूद्ध समायोजित की जाएगी।

यह भी प्रावधान किया गया है कि अंतिम रूप से स्वीकृत पेंशन और उपदान राशि से, पहले दी गई अनंतिम पेंशन एवं उपदान राशि के कम होने या पेंशन/उपदान को कम करने या स्थायी रूप से अथवा विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए रोक लगाने की स्थिति में, वसूली नहीं की जाएगी।

## निरंकारी बाल एवं युवा सेमीनार का हुआ आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से एवं संयोजक महेश वीधानी जी के मार्गदर्शन में निरंकारी सत्संग भवन बैरागढ में विशाल बाल एवं युवा सेमीनार सम्पन्न हुआ। इस सेमीनार में लगभग 165 बाल एवं युवाओ के अलावा 55 बडी उम्र के लोग शामिल थे। इस सेमीनार में जोन 24 ए के जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा जी, बॉंदा उत्तरप्रदेश के जोनल इंचार्ज डॉ. दर्शन सिंह, बैरागढ के संयोजक महेश वीधानी, बागसेवनियां के ज्ञान प्रचारक रामरुचि, बॉदा के युवा संत रविन्द्र मूलचंदानी, संचालक अशोक नाथानी, डॉ वर्षा नाथानी, बाल सत्संग इंचार्ज दीपा मोटवानी एवं अनेको अनेक बुद्धजीवियों द्वारा बच्चो एवं युवाओं को आध्यात्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक हम सभी की मिशन, देश, समाज, परिवार में क्या भूमिका है? हमारा बौद्धिक विकास कैसे होगा, बुरी संगतो से कैसे दूर हो? सेवादल में भर्ती होने के बाद, सेवादल के कर्तव्य एवं अनुशासन में रहकर किस तरह सेवाएं करनी है। ब्रम्हज्ञानी का व्यवहार कैसा होना चाहिए? बचपन से ही कैसे हम संस्कारवान, चरित्रवान बने ताकि युवा अवस्था में आकर हमको किसी गलत संगत का असर न हो आदि की सीख दी गयी। इस सेमीनार में एक ओपन सेशन भी किया गया जिसमें बच्चों एवं युवाओं के मन में जो भी संशय था उनका सटिक जवाब बुद्धजीवियों द्वारा दिया गया एवं समझाया गया कि हमें हमेशा ही सबके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए सोशल मीडिया का उपयोग भी जितना लाभदायक हो उतना ही इस्तेमाल करना चाहिए हमें अपने गुरु माता पिता, आस पडोस में प्यार वाली शैली का इस्तेमाल करना है आदि अनेकोअनेक समझाइश दी गयी। इससे प्रभावित होकर 220 जिज्ञासुओं ने ब्रम्हज्ञान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि निरंकारी मिशन बालयावस्था से ही बच्चों में इस प्रकार की शिक्षा देता है कि युवा अवस्था में पहुंचकर वह अपनी भूमिका को समझ सके और जो समाज में आज युवा पीढी भटकती जा रही है जिसमें अनेकोअनेक क्ररुरीतियां पैदा होती जा रही है जिसके कारण युवा गलत कदम उठा लेते है किन्तु निरंकारी मिशन बचपन में ही वो पाठ पढाते है जिसमें युवा वर्ग में सहनशीलता, आदरता एवं बुरी संगतों से दूर रहनी की प्रेरणा मिलती है।

## बकायादारों से करों की वसूली के निर्देश

**भोपाल।** नगर निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने निगम के विभिन्न वार्ड कार्यालयों में राजस्व वसूली सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की और निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने हेतु अधिक से अधिक बडे बकायादारों से संपर्क स्थापित कर सम्पत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य करों/शुल्कों की वसूली करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त श्री संदीप केरकेटटा व निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने शनिवार को जोन क्रमांक 19 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 81 और 84 के वार्ड कार्यालयों में सम्पत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार सहित अन्य करों/शुल्कों की वसूली आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## आईसीआईसीआई प्रडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया नया डेट फंड, लंबी अवधि

**नई दिल्ली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने सोमवार को एक डेट फंड लॉन्च किया। यह फंड ग्राहकों को मौजूदा उच्च ब्याज दरों पर अपने निवेश को लॉक करने, लंबी अवधि में धन का निर्माण करने और वित्तीय लक्ष्य हासिल करने में सक्षम बनाएगा। प्रचलित ब्याज दर व्यवस्था ग्राहकों को निवेश करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती है। इस तरह ग्राहक जीवन बीमा बाजार में इस तरह के पहले डेट फंड - आईसीआईसीआई प्रू कॉन्सटेंट मेच्योरिटी फंड में निवेश कर सकते हैं। वर्तमान दौर में ब्याज दरें बेहद ऊंची हैं, लेकिन ब्याज दरों में कोई भी गिरावट होती है, तो डेट फंड अपने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक निवेश विकल्प के रूप में सामने आते हैं। डेट इंस्ट्रूमेंट्स और ब्याज दरों की कीमतों के बीच विपरीत संबंधों के कारण ऐसा होता है - जब ब्याज दरें गिरती हैं तो डेट इंस्ट्रूमेंट्स की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिससे उन ग्राहकों को फायदा होता है जिन्होंने इन इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश किया है। यह फंड कंपनी के प्रमुख यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) में निवेश के लिए उपलब्ध है। यूलिप ग्राहकों को लाइफ कवर, परिवार को वित्तीय सुरक्षा और लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण की सुविधा का एक अनूठा ऑफर प्रदान करते हैं। आईसीआईसीआई प्रू कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी फंड 15 मई, 2023 से यूनिट लिंक्ड उत्पादों के साथ उपलब्ध है। यूलिप में निवेश के साथ कर लाभ भी हासिल किए जा सकते हैं। यदि किया गया वार्षिक निवेश 2.5 लाख रुपए तक है और वार्षिक प्रीमियम के 10 गुना के लाइफ कवर के साथ, परिपक्वता आय ग्राहकों के लिए कर-मुक्त है।

**कैसे निवेश करें:** ग्राहकों के पास कंपनी की यूलिप पेशकशों जैसे आईसीआईसीआई प्रू सिग्नेचर, आईसीआईसीआई प्रू स्मार्ट लाइफ और आईसीआईसीआई प्रूलाइफटाइम क्लासिक के जरिए इस फंड में निवेश करने का विकल्प है। ग्राहक इन योजनाओं को खरीदने के लिए अपने सलाहकारों की सेवाएं सकते हैं या कंपनी की वेबसाइट पर जा सकते हैंञ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के हैड ऑफ फिक्स्ड इनकम श्री अरुण श्रीनिवासन ने कहा, ''हम एक शानदार डेट फंड लॉन्च करते हुए उत्साहित हैं। इस पेशकश के साथ आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस फिक्स्ड इनकम यूलिप के क्षेत्र में इस तरह के फंड की पेशकश करने वाला देश का पहला बीमाकर्ता बन जाता है।

## भोपाल के छात्रों ने इंटरनेशनल ओलिंपियाड में दिखाई अपनी प्रतिभा




**भोपाल।** विश्व के सबसे बड़े ओलिंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलिंपियाड 2022 -23 में भोपाल के तीन छात्रों ने साइंस ओलंपियाड परीक्षा में इंटरनेशनल रैंक हासिल किए । आईईएस पब्लिक स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा मायरा अली और दिल्ली पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा आद्या सिंह ने इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड में रैंक 1 हासिल किया , दोनों छात्रों को 50,000 रूपये और गोल्ड मैडल और सर्टिफिकेट दिया गया।

इसके अलावा दिल्ली पब्लिक स्कूल के दूसरी कक्षा के छात्र शिव सिंह को इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलिंपियाड में रैंक 2 हासिल करने पर पचीस ह?ार और सिल्वर मैडल से सम्मानित किया गया। एसओ ओलिंपियाड परीक्षा 2022 -23 में 70 देशो के सत्तर हजार स्कूलों से करीब 60 लाख छात्र शामिल हुए जिसमे भोपाल से 90 000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, बिलबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल, द संस्कार वैली स्कूल, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल आदि शामिल थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने राजधानी दिल्ली में में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले इंटरनेशनल ओलंपियाड के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन आंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर (ऑडिटोरियम) में आयोजित किया। इस मौके पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ऑ? इंडिया जस्टिस दीपक मिश्रा मौजूद थे.इस अवार्ड्स कार्यक्रम में 198 इंटरनेशनल रैंक होल्डर छात्रों को अवार्ड्स से नवा?ा गया, । कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंटरनेशनल रैंक एक पाने वाले 66 छात्रों को 50-50 ह?ार रुपये की राशि गोल्ड मेडल , दूसरा स्थान हासिल करने वाले 66 छात्रों को सिल्वर मेडल और 25 - 25 हजार की राशि औरतीसरा स्थान हासिल करने वाले 66 छात्रों को ब्रोंज मेडल और 10-10 हजार की राशि से सम्मानित किया गया . इस अवसर पर एसओएफ के संस्थापक एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री महाबीर सिंह ने कहा कि 70 अलग-अलग देशों के 1400 शहरों के 70000 से अधिक स्कूलों ने 22-23 से सात ओलंपियाड परीक्षाओं में लाखो छात्रों ने भाग लिया । उन्होंने बताया की इस वर्ष करीब 6300 स्कूलों के 81,000 से अधिक विद्यार्थियों को शीर्ष राज्य स्तरीय रैंकिंग हासिल किये, इसके अतिरिक्त, लगभग एक लाख

विद्यार्थियों को उनके व्यक्तिगत स्कूलों में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने के लिए उत्कृष्टता के स्वर्ण पदक दिए गए हैं । 3000 प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्ति माननीय न्यायमूर्ति रेखा पल्ली दिल्ली के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, और द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता, और आर. रवि, सीईओ और संस्थापक एपियंस सॉफ्टवेयर प्रा. लिमिटेड, बेंगलुरु मौजूद थे। साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन सात ओलंपियाड एग्जाम कंडक्ट करता है।

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने सख्त कदम उठाये जाने की आवश्यकता: गृह मंत्री

## ट्रैफिक सेफ्टी को लेकर 3 दिवसीय राष्ट्रीय विजन जीरो समिट आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



विजन जीरो का निर्धारित लक्ष्य कठिन जरूर है, लेकिन करना होगा। जीवन परमात्मा के हाथ में है, हम नागरिकों की जीवन-रक्षा के लिये हर संभव प्रयास करेंगे। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने पहली 3 दिवसीय राष्ट्रीय विजन जीरो समिट का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिट के मंथन से निश्चित ही अमृत निकलेगा, जो लोगों की जिंदगी को रोशन करेगा।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये सख्त कदम उठाये जाने की आवश्यकता है। ट्रैफिक सेंस के अभाव में अच्छी सड़कों एवं अत्याधुनिक वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का बढ़ना चिंताजनक है। दुर्घटनाओं और उसमें होने वाली जन-हानि को रोकने के लिये नशे में वाहनों का संचालन एवं ओवर स्पीडिंग पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। हमें कठोर निर्णय लेना होंगे, जो सबके लिये नजीर बन सकें। कार्य कठिन है पर करना पड़ेगा, जिससे दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु दर को न्यूनतम किया जा सके। पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने कहा कि समिट के लक्ष्य विजन जीरो को हासिल करने के लिये हम सभी को जिम्मेदार होना होगा। डीजीपी सक्सेना ने कहा कि मोबाइल आने के बाद सडक दुर्घटनाओं में लगभग 5 करो? लोगों की मृत्यु हुई है। दुर्घटनाओं के कारण देश की जीडीपी को लगभग 4 प्रतिशत का नुकसान होता है। स?क सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। यदि हम सभी अपनी जिम्मेदारी समझेंगे, तो निश्चित ही विजन जीरो के लक्ष्य तक पहुँच पायेंगे। लक्ष्य प्राप्ति के लिये सभी को मिल कर काम करना होगा। विजन जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये हमें अपना माइंड सेट चेंज करना होगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी 3 दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता कर रहे विशेषज्ञों से सीखें और अपने क्षेत्रों में जाकर उसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। निश्चित ही हम लक्ष्य प्राप्त कर सकेंगे।

मेनिट के प्रोफेसर डॉ. राहुल तिवारी ने बताया कि पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (पीटीआरआई) और परिवहन विभाग के समन्वय में हो रही समिट में स?क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु और गंभीर चोटों को खत्म करने के लिए देश के शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और चिकित्सकों के साथ आवश्यक रणनीति बनाई जायेगी। इंजीनियरिंग, लैंड यूज प्लानिंग, ड्राइवर साइकोलॉजी एंड एजुकेशन, सेफ्टी मैनेजमेंट हेल्थकेयर एंड ट्रामा फेसिलिटी, व्हीकल टेक्नोलॉजी जैसे विषयों पर कार्य करने वाले संस्थानों के शिक्षाविदों के 50 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले पुलिस, परिवहन, सड़क निर्माण एजेंसी तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। समिट में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

समिट में भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलुरू, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) एवं स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेसर, अनुसंधानकर्ता, विद्वान, चिकित्सक, नीति-निर्माता और प्रशासकों की भी भागीदारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिट में केरल, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न प्रदेशों के प्रतिनिधि और शोधकर्ता शामिल हो रहे हैं।

**विजन जीरो बुकलेट का कवर पेज किया लांच:** राष्ट्रीय समिट में बुकलेट विजन जीरो-2023, रोड सेफ्टी का कवर पेज लांच किया गया। बताया गया कि बुकलेट में समिट में प्रस्तुत किये जाने वाले सभी शोध-पत्र शामिल किये जायेंगे। इसका प्रकाशन अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन संस्थान ब्लूमबेरी द्वारा किया जायेगा। परिवहन आयुक्त एस.के. झा ने राष्ट्रीय समिट के शुभारंभ पर स्वागत उद्बोधन दिया। मेनिट के प्लानिंग एण्ड डेव्हलपमेंट डिपार्टमेंट के डीन डॉ. गजेंद्र दीक्षित ने भी संबोधित किया। प्रोफेसर और डीन मेनिट डॉ. मनमोहन कापसे ने आभार माना।

# दिव्यांग खिलाड़ियों को देंगे अधिक से अधिक सुविधाएं: चौहान

## स्पेशल ओलंपिक में जा रहे दिव्यांग खिलाड़ियों ने की मुख्यमंत्री से भेंट



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं दी जाएंगी। इन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के साथ ही शासकीय सेवाओं में प्राथमिकता, खेल क्षेत्र में आवास सुविधा के साथ प्रशिक्षण और अन्य प्रोत्साहन दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री निवास में जुलाई माह में दिव्यांग पंचायत भी होगी, इसमें प्रदेश के लगभग ढाई हजार दिव्यांग शामिल होंगे जिनमें खिलाड़ी एवं अन्य क्षेत्रों की दिव्यांग प्रतिभाएं शामिल होंगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान से आज स्पेशल ओलंपिक भारत नई दिल्ली की चेयरमैन श्रीमती मल्लिका नड्डा और क्षेत्रीय निदेशक दीपांकर बनर्जी और अन्य पदाधिकारियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खिलाड़ियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी और अपने हाथों से मिठाई खिलाई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इसके पूर्व श्रीमती नड्डा के मुख्यमंत्री निवास पहुंचने पर उनका स्वागत किया।दिव्यांग खिलाड़ियों का भी मुख्यमंत्री निवास में अभिनंदन किया गया।

जर्मनी के बर्लिन में आगामी 17 से 24 जून तक हो रही अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (स्पेशल ओलंपिक) में करीब 180 देशों के 7000 मानसिक दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। भारत के 225 खिलाड़ी और 60 कोच भी इसमें शामिल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश से 3 खिलाड़ी और 4 कोच जो सभी महिला हैं, इस स्पेशल ओलंपिक के लिए 6 जून को भोपाल से रवाना होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान से भेंट के अवसर पर कृषि मंत्री श्री कमल पटेल और सामाजिक न्याय मंत्री श्री पटेल भी उपस्थित थे।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा

**भोपाल।** किसान-कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री कमल पटेल ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई व्यवधान नहीं आने देंगे। उन्होंने प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी मेधावी विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएँ दी। मंत्री पटेल ने सोमवार को जिला पंचायत हरदा के सभाकक्ष में जिले के कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र, मेडल देकर तथा पुष्पहार से सम्मानित किया। उन्होंने सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की। कृषि मंत्री पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटी बचाओ-बेटी प?ाओ के परिणाम आने लगे है। आज सम्मानित हुए 12 विद्यार्थियों में 10 बेटियाँ हैं। उन्होंने कहा कि पहले बेटी के जन्म पर परिजन दुखी होते थे लेकिन ला?ली लक्ष्मी योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना जैसी योजनाओं से अब बेटी परिवार पर बोझ नहीं रही है। इसलिये बेटी के जन्म पर अब खुशियाँ मनाई जाती हैं। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उच्च शिक्षा के लिये आगे भी यदि आर्थिक सहायता की जरूरत हो तो हर मेधावी विद्यार्थी को उच्च शिक्षा के लिये आगे भी आर्थिक मदद दी जाएगी।

## चीता प्रोटेक्शन फोर्स के लिए केंद्र सरकार का मिलेगा हर संभव सहयोग: यादव

**भोपाल।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि चीता परियोजना अंतर्गत चीता संरक्षण एवं प्रबंधन में संलग्न अधिकारी और कर्मचारियों को नामीबिया/ दक्षिण अफ्रीका अध्ययन प्रवास के लिए चयनित कर भेजा जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा चीतों की सुरक्षा, संरक्षण, संवर्धन और प्रस्तावित चीता प्रोटेक्शन फोर्स के लिए केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय संसाधन सहित हर संभव सहयोग दिया जाएगा। केन्द्रीय मंत्री श्री यादव आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में मुख्यमंत्री श्री चौहान, वन मंत्री डॉ. विजय शाह और राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में चर्चा कर रहे थे।

केन्द्रीय मंत्री श्री यादव ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान के लिए अतिरिक्त वन रक्षक और वनपाल की व्यवस्था का आग्रह करते हुए कहा कि अधो-संरचना और मानव संसाधन दोनों आवश्यक हैं। परियोजना से संबंधित भ्रामक सूचनाएँ प्राय- सामने आती हैं। आमजन को भी प्रामाणिक जानकारी मिलना चाहिए। वर्तमान में कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 7 चीते खुले वन क्षेत्र और 10 चीते अनुकूलन बा?ों में रह रहे हैं। आगामी नवम्बर तक चीतों के लिए वैकल्पिक रहवास के तौर पर गांधी सागर अभयारण्य को भी तैयार किया जा रहा है। कूनो में भी अनुमानित क्षमता के मुकाबले अभी चीते कम हैं। चीतों की देखभाल करने वाला स्टॉफ भी परिश्रमी है। परियोजना निश्चित ही सफल होगी। मध्यप्रदेश सरकार गंभीरता से परियोजना के क्रियान्वयन के लिए कार्य कर रही है। परियोजना में फारेन एक्सपर्ट की सेवाएँ निरंतर मिल ही रही हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि वे आगामी 6 जून को कूनो राष्ट्रीय उद्यान जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश चीता स्टेट है। यह प्रतिष्ठा की बात है। राज्य सरकार चीता परियोजना की सफलता के लिए प्रतिबद्ध है। प्रारंभ में ही चीता शावकों के जन्म के सर्वाइवल रेट की जानकारी दी गई थी। चीता परियोजना से जु?ा सम्पूर्ण अमला, जज्बे के साथ कार्य कर रहा है। परियोजना की प्रगति संतोषजनक है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि चीतों के लिए वैकल्पिक रहवास के लिए गांधी सागर अभयारण्य में आवश्यक व्यवस्थाएँ युद्ध स्तर पर पूर्ण करवाएँ।

# मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक निर्माण और उन्नयन कार्य में तेजी लाए: डॉ. चौधरी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के निर्माण एवं उन्नयन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी सोमवार को मंत्रालय में शहरी क्षेत्र में स्वीकृत मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के निर्माण एवं उन्नयन कार्य की समीक्षा कर रहे थे। प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 783 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक हैं। प्रदेश के 16 नगर निगम है, जिनमें प्रमुखता से सर्वाधिक मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक की स्वीकृति प्राप्त है।स्वीकृत संजीवनी क्लीनिक में 172 स्वास्थ्य संस्थाओं का उन्नयन और 611 नवीन संस्थाओं का निर्माण किया जाना है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक एवं पॉली क्लीनिक के निर्माण कार्य की राज्य स्तर से समय-समय पर नियमित रूप से समीक्षा की जाए। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने कहा कि जिन जिलों में निर्धारित समय पर संस्थाएँ क्रियाशील नहीं होंगी, उन्हें अन्य जिलों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। भोपाल एवं रीवा जिलों की प्रगति कम होने के कारण इन जिलों के नगर निगम एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को राज्य स्तर पर बुलाया जाकर पृथक से समीक्षा किये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में ह्ढ्ढष्ट के माध्यम से 16 नगर निगम जिलों के साथ स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, मिशन संचालक प्रियंका दास, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास सहित जिला स्तर से नगर पालिका निगम अधिकारी और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## चल रहा हर घर नल से जल पहुंचाने का कार्य

भोपाल। प्रदेश के हर घर में नल से शुद्ध जल पहुँचाने का कार्य तेज़ी से जारी है। जल स्त्रोतों का चिन्हांकन कर भौगोलिक स्थिति अनुसार एकल ग्राम नल जल और समूह जल प्रदाय योजना से जल प्रदाय का कार्य किया जा रहा है। जल की गुणवत्ता जाँच के लिए प्रदेश में 144 एनएबीएल प्रमाणित लेब हैं। साथ ही नागरिकों को जल के प्रबंधन, जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। मिशन से अब तक प्रदेश के 59 लाख 28 हजार घरों में नल से जल पहुँचाया जा चुका है। प्रदेश के हर हिस्से में जल जीवन मिशन का कार्य दिखाई दे रहा है। इंदौर संभाग के 8 ज़िलों में 12 लाख 28 हज़ार 442, घर में नल से जल पहुँचाया गया है। भोपाल संभाग के 5 ज़िलों में 5 लाख 51 हज़ार 100, सागर संभाग के 6 ज़िलों में 5 लाख 16 हज़ार 830, जबलपुर संभाग के 8 ज़िलों में 11 लाख 82 हज़ार 88, नर्मदापुरम संभाग के 3 ज़िलों में 3 लाख 46 हज़ार 463, ग्वालियर संभाग के 5 ज़िलों में 4 लाख 3 हज़ार, शहडोल संभाग के 3 ज़िलों में 2 लाख 12 हज़ार 287, उज्जैन संभाग के 7 ज़िलों में 7 लाख 58 हज़ार 309, चंबल संभाग के 3 ज़िलों में 3 लाख 43 हज़ार 431 और रीवा संभाग के 4 ज़िलों में 3 लाख 86 हज़ार 938 घर में नल से जल पहुँचाया जा चुका है।

## मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में 17 हजार 144 शिकायतों का निराकरण

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में 17 हजार से अधिक बिजली शिकायतों का निराकरण किया गया। दस से 25 मई तक उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित समाधान के लिये मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में 1807 शिकायत निवारण शिविर में 18 हजार 187 शिकायत प्राप्त हुईं। इनमें से 17 हजार 144 शिकायत का निराकरण कर दिया गया एवं शेष शिकायतों का निराकरण जल्द ही कर दिया जाएगा। शिकायत निवारण शिविरों में मुख्यत: विलंब से बिलों का वितरण, बिल प्राप्त न होना, अधिक बिल राशि, मीटर-वाचन देरी से होना, गलत रीडिंग होना, ऑनलाइन बिल जनरेट न होना, ऑनलाइन की गई पेमेंट न दिखना, विद्युत-प्रदाय, नवीन कनेक्शन, भार वृद्धि तथा अन्य शिकायतें प्राप्त हुई हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल रीजन में 748 शिविरों में कुल 7 हजार 112 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 6 हजार 552 शिकायतों का मौके पर निराकरण कर दिया गया। ग्वालियर रीजन में 1059 शिविरों में कुल 11 हजार 075 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 हजार 592 शिकायतों को मौके पर ही निराकृत कर दिया गया तथा शेष शिकायतों का निराकरण जल्दी ही कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि इन शिकायत निवारण शिविरों में अधिक बिल राशि की 5 हजार 445, बिल प्राप्त न होने की 571, गलत रीडिंग की 922, नवीन कनेक्शन की 3 हजार 616, भार वृद्धि की 378, विद्युत प्रदाय की 2 हजार 811, देरी से रीडिंग की 195, रीडिंग नहीं लेने की 839, ऑनलाइन बिल जनरेट न होने की 197, ऑनलाइन किया गया पेमेंट नहीं दिखाई देने की 246 और अन्य 666 शिकायतों का शिविर लगा कर निराकरण किया गया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही बेहतर उपभोक्ता सेवाएँ प्रदान करना कंपनी की प्राथमिकता है और इसी क?ी में बेहतर सुशासन और आमजन की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए प्रदेश में संचालित मुख्य मंत्री जन-सेवा अभियान द्वितीय चरण में प्राप्त शिकायतों को कंपनी द्वारा समय-सीमा में हल किया गया है।

# मिशन लाइफ में प्रदेश में होंगे 10 हजार कार्यक्रम

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सदस्य सचिव मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड चन्द्रमोहन ठाकुर ने बताया कि मिशन लाइफ में केन्द्र शासन द्वारा सुझाये गये 7 थीम के अनुसार प्रदेश में अब तक 1400 से अधिक पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम हो चुके हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून तक इस तरह की 10 हजार गतिविधियाँ करने का लक्ष्य है। बोर्ड के 14 मैदानी कार्यालय इसे प्रदेश में अभियान की तरह संचालित कर आमजन को हर थीम के संबंध में लोगों के योगदान से जोड़ कर पर्यावरण-संरक्षण में उनके अमूल्य योगदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र में मिशन लाइफ के बारे में पहली बार प्रस्ताव रखा गया था, जिसको भारत के नेतृत्व वाले वैश्विक जन-आंदोलन के रूप में देखा गया। केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मिशन लाइफ को जन-आंदोलन बनाने के लिए 7 थीम-जल-संरक्षण, ऊर्जा-संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, सस्टेनेबल फूड सिस्टम, अपशिष्ट को कम करना, हेल्दी लाइफ और ई-वेस्ट को कम करना में 25 तरह के कार्यक्रम सुझाये गये हैं। ये कार्यक्रम लोगों को जीवनशैली में छोटे-छोटे परिवर्तन कर पर्यावरण-संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। देश में आगामी 5 जून तक ऐसे कार्यक्रम ब?ी संख्या में होने हैं।

## गोबर धन में प्रथम पुरूस्कार एक लाख रूपये का

ठाकुर ने बताया कि गो-शालाएँ गोबर, गो-मूत्र आदि अपशिष्ट से धन अर्जित कर संपन्न बनाने के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आत्म-निर्भर गो-शाला के लिए 12 से 26 मई 2023 तक हेकाथन का आयोजन किया गया। इसमें वेस्ट-टू-वेल्थ-गोबर धन विषय पर विशेषज्ञों, संस्थाओं, छात्र-छात्राओं आदि से ऑनलाइन प्रस्ताव माँगें गये। अब तक 28 प्रस्ताव प्राप्त हो चुकें हैं। प्राप्त प्रस्तावों का विशेषज्ञ समिति से परीक्षण करा कर 2 सर्वोत्तम सुझावों को क्रमश- एक लाख रूपये का प्रथम और 50 हजार रूपये का द्वितीय पुरूस्कार दिया जायेगा।

## राज्यपाल से एनएसएस के स्वयं सेवकों ने की सौजन्य भेंट

# युवाओं के लिए नए अवसरों का समय: राज्यपाल

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि आज का समय भारत के युवाओं के लिए नए अवसरों का समय है। पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत का सामर्थ्य और शक्ति तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने युवाओं से कहा है कि लोगों के दुख-दर्द को बांटने में ही जीवन की सार्थकता है। सेवा कार्य से व्यक्तित्व में निखार आता है। राष्ट्र और समाज सशक्त और सबल बनता है।

राज्यपाल पटेल आज गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता करने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों और पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी युवाओं को संबोधित कर रहे थे। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा के. सी. गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख सचिव डी.पी. आहूजा, बर्ड कंजर्वेशन सोसाइटी एवं बायो डायवर्सिटी बोर्ड के पदाधिकारी और संस्था के संस्थापक मोहम्मद खालिक भी मौजूद थे।

राज्यपाल पटेल ने कहा कि युवा राष्ट्र का भविष्य होते हैं, आज के युवा देश के भविष्य की नींव हैं। यह नींव जितनी सुसंस्कृत, शिक्षित और समाज के प्रति समर्पित होगी। भविष्य के राष्ट्र का स्वरूप भी उतना ही भव्य और विशाल होगा। आजादी के 75 वर्षों का अमृत काल वास्तव में युवाओं का अमृत काल है, क्योंकि जब स्वतंत्रता के 100 वर्ष होंगे तो आज का युवा ही सफलताओं के शिखर पर होगा। देश की अमृत पी?ी के प्रतिनिधि के रूप में आप सब ही आगामी 25 वर्षों में देश को ऊँचाइयों पर ले जाकर विकसित और आत्म-निर्भर भारत का निर्माण करेंगे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डिजिटल, स्टार्टअप, इनोवेशन क्रांतियों और रक्षा, अंतरिक्ष के क्षेत्र में सुधारों से युवाओं के लिए अपार संभावनाएँ बनाई हैं। युवा प्रतिभा के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र के दरवाजे खुलते ही पहले निजी उपग्रह के प्रक्षेपण, गेमिंग, एनिमेशन, ड्रोन तकनीक, इंटरटेनमेंट, लॉजिस्टिक्स से लेकर कृषि आदि विभिन्न क्षेत्रों में शानदार परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने स्वयं सेवकों से अपेक्षा की है कि वह अपने अनुभवों को आने वाली नई पीढ़ी के साथ साझा कर उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरणा और प्रोत्साहन प्रदान करेंगे।क्षेत्रीय निदेशक एन.एस.एस. डॉ. अशोक कुमार श्रोती ने स्वागत उद्बोधन दिया। राज्य एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. आर.के. विजय ने आभार माना।

## स म्पा द की य

# वाकई सुलह हो गई?

कांग्रेस आलाकमान की ओर से दावा किया जा रहा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और युवा नेता सचिन पायलट के बीच सुलह हो गई है। कहा जा रहा है कि राहुल गांधी से दोनों ने अगला चुनाव मिलकर लड़ने का वादा किया है। केसी वेणुगोपाल का यह बयान उसी दिन आया जिस दिन गहलोत ने खुलेआम मीडिया में कहा था कि कांग्रेस या उसका आलाकमान अभी इतने कमजोर नहीं हुए हैं कि किसी कार्यकर्ता को मनाने के लिए उसे कोई बड़ा पद ऑफर करना पड़े।

सवाल तो यही उठता है और उठेगा भी कि क्या दोनों नेताओं के बीच वास्तव में सुलह हो गई है? फिलहाल ताजा घटनाक्रम पर नजर डालते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर सोमवार देर रात को बैठक हुई। यह 4 घंटे चली। बैठक के बाद वेणुगोपाल के साथ गहलोत-पायलट बाहर आए, लेकिन बोले कुछ नहीं। जहां कांग्रेस आलाकमान से बैठक के दिन ही इस तरह के बयान दिए



जा रहे हों, वहां सुलह की गुंजाइश होना बहुत मुश्किल लगता है। लेकिन कांग्रेस ये दावा कर रही है कि उसने इस पूरे विवाद को सुलझा लिया है। अब न गहलोत सचिन को बुरा- भला कहने वाले हैं और न ही सचिन पायलट अब गहलोत या उनकी सरकार के खिलाफ कुछ बोलेंगे।

बहरहाल वर्षों की कड़वाहट पर सकारात्मकता का लेप लगाया जा रहा है। प्रयास अच्छा है। सराहनीय भी। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और पार्टी के सर्वमान्य नेता राहुल गांधी के साथ चार घंटे की मीटिंग में आखिर हुआ क्या है? गहलोत और पायलट तो इस बारे मे मौन धारण किए हुए हैं। कांग्रेस आलाकमान और उनके बयानवीर सिपहसालारों की तरफ से ही तमाम बयान मीडिया की झोली में फेंके जा रहे हैं। सुलह -मीटिंग के बाद गहलोत या सचिन ने अब तक कुछ नहीं बोला है। कुछ भी नहीं। कोई अचरज नहीं होगा कि कुछ ही दिनों में इन दोनों या दोनों में से किसी एक का तीखा और सिर फोड़ देने वाला बयान आ ही जाए।

यह सही है कि कोई रात कितनी भी गहरी या लम्बी हो, उसका सबेरा तो होता ही है। उसे आज तक कोई कोई नहीं रोक पाया है। गहलोत- पायलट का बैर भी बहुत लम्बा नहीं चलने वाला, लेकिन इस तरह चार घंटे की किसी मीटिंग में खत्म भी नहीं होने वाला है। और एकाध मुद्दे पर सहमति होने की बात भी गले नहीं उतर सकती। मुख्य मुद्दा सरकार की कमान संभालने का ही होता है, यानि सीएम पद का। तो पिछले चुनाव में हाईकमान स्वयं चाह रहा था कि युवा को कमान दी जाए। पूरे देश से यही आवाजें उठती रही हैं कि पुरानी पीढ़ी को धीरे-धीरे नेतृत्व की कमान युवाओं को सौंपना चाहिए, लेकिन राजनीति बहुत टेढ़ी-मेढ़ी डगर का नाम है। पुरानी पीढ़ी का राजनीति से मोह इस कदर हो जाता है कि भले ही पार्टी की बलि चढ़ जाए, उन्हें अपनी दुकान जमाए रखना होता है। कायदे से देखा जाए तो कांग्रेस की दुर्गति का प्रमुख कारण भी यही रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने कुछ अपवाद छोड़कर, युवाओं को मौका देने में बाजी मारी, तो उसका विस्तार भी उसी तेजी से हुआ। कांग्रेस में खुद हाईकमान में युवा नेतृत्व की अनदेखी कहें या पुराने नेतृत्व का एक काकस से घिरकर रह जाना कहें, नई पीढ़ी को नकारा जाता रहा है।

नई पीढ़ी का इतना ही काम होता है कि जिंदाबाद- मुर्दाबाद करे। नेताओं के इर्दगिर्द चापलूसी करे। संघर्ष करे। जेल जाना पड़े तो युवा पीढ़ी को ही। लेकिन जब सत्ता सौंपने की बारी आती है, तो बुजुर्ग कुंडली मारकर बैठ जाते हैं। राजस्थान के साथ ही कर्नाटक में भी यही हुआ। कर्नाटक में हालांकि सत्ता अभी आई है और फिलहाल सहमति होती दिख भी रही है, लेकिन लगता नहीं कि यह समझौता भी बहुत लंबा चलेगा। यहां एक मुद्दा शिवकुमार का ईडी में मामला उलझा होना व कुछ अन्य तर्क भी रहे, सो मामला बन गया। लेकिन राजस्थान में तो ऐसा कुछ नहीं। एक समय तो ऐसा आया था कि गेहलोत कांग्रेस अध्यक्ष भी बनना चाह रहे थे और साथ में मुख्यमंत्री भी। सत्ता और पद का ऐसा मोह कांग्रेस में ही देखने को मिलता रहा है। यहां संगठन चूंकि महत्वपूर्ण नहीं होता, सो नेता जो चाहता है, कर लेता है। खैर, फिलहाल यही माना जा सकता है कि पायलट और गहलोत की सुलह हो गई। वैसे राजस्थान का नेचर यही रहा है कि पांच साल बाद सरकार बदलती है, सो हो सकता है कि यह भी एक तर्क रहा हो कि अगली बार सरकार नहीं आई, तो? फिर भी नेतृत्व की जंग जारी ही रहेगी। क्योंकि बुजुर्ग मोह नहीं छोड़ना चाहते और युवाओं को मौका चाहिए ही चाहिए।

---

**हिन्दी पत्रकारिता दिवस (30 मई) पर विशेष**

# मूल प्रश्न मनुष्यता का है...!



विजयदत्त श्रीधर

यह समय संसारीकरण का है। भूमण्डलीकरण का है। बाजारीकरण का है। उदारीकरण का है। ग्लोबल विलेज का है। मुक्त बाजार। मुक्त व्यापार। संवेदना, सहानुभूति, मान-मूल्य-मर्यादा से मुक्त, सिर्फ मुनाफा सत्य-जगत मिथ्या का समय। नीति के केन्द्र में अर्थ और पार्श्व में बाजार। बड़ी मछलियों को निर्बाध अधिकार कि छोटी मछलियों को निगलती रहें। सब दूर बजती पूँजी की दुन्दुभि ... पूरी दुनिया बाजार के तम्बू के नीचे आ जाए। शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, आविष्कार, यहाँ तक कि सरकार भी बाजार के झण्डे के नीचे। बीसवीं शताब्दी ने इक्कीसवीं शताब्दी को यही विरासत सौंपी है।.... परंतु भूल कर भी इस कार्य-व्यापार को भारतीय संस्कृति और ज्ञान-परम्परा में वर्णित 'वसुधैव कुटुम्बकम्' से मत जोड़ बैठिए। यह मंत्र नारा नहीं, जीवन-दर्शन है, जिसके केन्द्र में मनुष्य है। जबकि बाजार के विद्यमान स्वरूप का मनुष्यता से नाता नहीं। इसीलिए व्यापार में अब 'महाजन' नहीं पाए जाते। वसुधा एक कुटुम्ब समान है, ऐसी अवधारणा के लिए बाजारवाद में कोई गुंजाइश नहीं। इस कड़वी सच्चाई की बुनियाद पर ही किन्हीं मुद्दों को सही परिप्रेक्ष्य में समझा जा सकता है। संभव है, कोई ऐसा मार्ग निकल आए जो मनुष्य और मनुष्यता की पुर्नप्रतिष्ठा में सहायक हो।

पहले कहा जाता था ज्ञान ही शक्ति है। अब कहा जाता है सूचना ही शक्ति है। सूचना का स्वरूप बहुआयामी है। सूचना के माध्यम भी बहुरंगी हैं। बोले हुए शब्द का लिखना और लिखे हुए शब्द का छपना ज्ञान के लोकव्यापीकरण की क्रान्ति ही कही जाएगी। ईसा की दूसरी सहस्त्राब्दी (सन 1001 से 2000 ईस्वी) की समापन-बेला में जब शोधार्थियों के एक समूह ने ऐसे एक हजार महापुरुषों की सूची तैयार की, जिन्होंने इस विशाल कालखण्ड पर अपने कृतित्व की महान छाप छोड़ी, उनमें सबसे ऊपर योहान गुटेनबर्ग का नाम लिखा गया। गुटेनबर्ग ने मुद्रण यंत्र की ईजाद की। इससे पुस्तकों का बड़ी संख्या में मुद्रण-प्रकाशन सुगम हुआ। चंद हाथों में कैद ज्ञान आजाद हुआ। सर्वसाधारण के लिए सुलभ हुआ। शुरू-शुरू में दसियों, फिर सैकड़ों-हजारों और अब लाखों की संख्या में पुस्तकों के मुद्रण-प्रकाशन का चमत्कार संभव बनाया गुटेनबर्ग की ईजाद ने, इसीलिए उन्हें महानों में महानतम माना गया। इसे हम ज्ञान-शक्ति का महत्वपूर्ण प्रस्थान बिन्दु भी कह सकते हैं। यह परिघटना 1450 के आसपास की है। इसके कोई 150 वर्ष बाद सन् 1605 में, 'द रिलेशन' नाम का पहला समाचार पत्र अस्तित्व में आ गया। तीन शताब्दियों तक साप्ताहिक, दैनिक, पाक्षिक, मासिक पत्र-पत्रिकाओं की धूम रही। जिस मुद्रित शब्द के पीछे सत्य और नैतिकता का बल था, वह 'बम' से भी ज्यादा शक्तिशाली माना गया। संचार साधन के रूप में तार, बेतारयंत्र, फोन प्रचलन में आए। फिर 'रेडियो' का जमाना आया। बीसवीं सदी में मुद्रित समाचार माध्यमों के बरअक्स रेडियो और टेलीविजन, दृश्य-श्रव्य माध्यमों के रूप में घर-घर पहुँचे। सुनने और देखने के लिए पढ़ाई-लिखाई के ज्ञान की भी आवश्यकता नहीं। सो प्रसार का भूगोल विस्तृत और प्रभावी भी। वेगवान संचार का तीसरा मोर्चा खुला सोशल मीडिया से जो सकारात्मक और नकारात्मक दोनों दृष्टि से ताकतवर है। इंटरनेट, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, ब्लाग, वाट्सएप, एस एम एस इत्यादि तमाम प्रारूपों की गति और पहुँच का ओर-छोर नहीं। बदलाव की बयार बहा दें। झूठ का मायाजाल रच दें। सही सूचनाओं के संचार से जन जागरण में सहयोगी बन जाएँ। विध्वंसक ताकतों के हाथों में खेल जाएँ तो विनाश का ताण्डव मचा दें। भूमण्डलीकरण की आपाधापी ने मीडिया को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया है। परंपरागत ढाँचा ध्वस्त हो चुका है। नया ढाँचा मनमानी को विशेषाधिकार मानता है। इन हालात ने नये सवाल, नई चुनौतियाँ, नये संकट और नये संभ्रम उपजाए हैं। यहीं आचार संहिता की आवश्यकता प्रतीत होती है।

सवाल उठता है कि क्या अखबार निकालना भी वैसा ही धंधा है जैसे साबुन-शैम्पू बेचना? क्या खबरिया चैनल भी टीआरपी - विज्ञापन के फेर में मर्यादा की लक्ष्मण रेखा लाँघ कर कैसी भी ऊल जलूल हरकतों का धंधा चला सकते हैं? क्या तिजोरी भरने के लिए उस भरोसे को दाँव पर लगाया जा सकता है जो लाखों-लाख पाठक/श्रोता/दर्शक समाचार माध्यमों पर करते हैं? पहले जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को खबर सुनाता था, तब सामने वाला आश्वस्त होने के लिए पूछता था - तुम्हें कैसे मालूम? जवाब मिलता था - फलाँ अखबार में पढ़ा है। खबर पक्की मान ली जाती थी। अब समाचार माध्यमों की खबरों पर संदेह किया जाने लगा है। दो सौ साल में जो भरोसा कमाया गया था, क्या लोभ-लाभ के लिए उसे दाँव पर लगाया जा सकता है? पैड न्यूज, फेक न्यूज की भरमार ने विश्वास की हत्या की है। खबरपालिका का एक कर्त्तव्य और दायित्व 'अशुभ' के विरुद्ध जनमत जाग्रत करना है। यदि खबरपालिका स्वयं लोभ की बीमारी पाल ले तो समाज में फैलती विकृतियों-व्याधियों पर किस मुँह से आवाज उठाएगी?

कुछ आदतें 'लत' बन जाती हैं। ऐसी ही एक आदत है अखबार पढ़ना, बिना नागा, रोज सुबह सवेरे। कई अखबारों के एक पृष्ठ की शुरुआत पंचाँग से होती है। इसमें एक उपशीर्षक होता है - खरीदारी का समय, जिसमें बताया जाता है कि कितने बजे से कितने बजे के बीच कौन-सी वस्तु खरीदना शुभ होगा। पहले हिन्दुओं में पितृ पक्ष में कोई नया काम नहीं किया जाता था। नई वस्तु नहीं खरीदी जाती थी। अब अखबार कहते हैं कि परिवार जितनी जोरदार खरीदारी करेंगे, पुरखों की आत्माएँ उतनी ही प्रसन्न होंगी। सबसे ज्यादा मुसीबत बेचारे पुष्य नक्षत्र की है जिसे कभी कार, तो कभी हीरों का हार, कभी फ्रिज, तो कभी मकान खरीदने के शुभ मुहूर्त की मुनादी करने बार-बार आना पड़ रहा है। समाचार माध्यमों ने इस धन्धे में ऐसे ज्योतिषियों को लगा रखा है, जिनका अपना कोई भविष्य नहीं।

अब जरा बाजारों में जुटने वाली भीड़ पर नजर डालिए! यह भीड़ आकर्षक विज्ञापनों के जरिये लुभाई-भरमाई गई है। जीवन को चलाते रहने के लिए जरूरी सामानों की दुकानों पर खरीदारों की मौजूदगी इतनी कम होती है कि कभी भीड़ नहीं बन पाती। समाचार माध्यमों में जिन वस्तुओं के लिए ललचाने वाले विज्ञापनों की भरमार होती है, जिन वस्तुओं के बिना जिंदगी आसानी से बसर की जा सकती है, भीड़ उन्हीं की दुकानों पर टूटी पड़ती है। बहुरूपिया बाजार ने हर उम्र के स्त्री-पुरुषों को फैशन, डिजाइन और नित-नये माडल के मोहपाश में ऐसा बाँधा है कि खरीदारी का ताँता टूटता ही नहीं। यह हवस है और हैसियत के प्रदर्शन का जरिया भी बन चुका है। थोड़े-थोड़े अन्तराल में विज्ञापनों की पंच लाइन बदलती रहती है, नये-नये दावों और छलावों के साथ। मीडिया को खुराक इन्हीं विज्ञापनों से मिलती है, सो वे भी बहे जा रहे हैं पूँजी के बहाव में।

समाचार माध्यम विज्ञापनों में किए जाने वाले दावों की कतई पड़ताल नहीं करते कि उनमें किस हद तक सच्चाई है। सच्चाई है भी कि नहीं। कितनी ठगी-कितनी बाजीगरी-कितनी लूट है? विज्ञापनों के मानक पर नजर रखने वाली संस्था भी इस दिशा में पर्याप्त सचेष्ट नहीं है। कहीं गोरा बनाने का दावा है, तो कहीं बाल इतने मजबूत बन रहे हैं कि ट्रक खींच लें। कहीं डिटर्जेण्ट कीचड़ में फँसी एम्बुलेंस खींच निकालने की ताकत भर देता है और कहीं खास 'जूते' पहनते ही आदमी टार्जन बन जाता है। क्या कोई परखता है ऐसे दावों को? सवालों और दावों की फेहरिस्त लंबी है, परन्तु जवाबदेही का कठघरा खाली है। बाजार लूट में मशगूल है और खबरपालिका विज्ञापन वसूलने में।

सवाल यह भी उठता है कि खबरपालिका इस बात की पड़ताल करे कि जिस तरक्की और विकास दर की धुन बजा-बजा कर सरकारें झूमती हैं, उनकी हकीकत क्या है? आम हिन्दुस्तानी के हिस्से में इस विकास से उपजी खुशहाली आई क्या? रोजगार से विकास-दर का क्या-कितना नाता कायम हुआ? कितनी खबरें बड़े-बड़े भ्रष्टाचारों का पहले तो बम फोड़ती हैं, फिर फुस्सी बम साबित हो जाती हैं। आला नेताओं-अफसरों-कारपोरेटों के घोटाले छापों और दबावों तक क्यों सिमटे रहते हैं? अंजाम तक क्यों नहीं पहुँचते? खबरपालिका की असली ताकत होती है नीति और नीयत की नैतिकता! बिना नैतिक बल के लोकप्रहरी और लोकशिक्षक की जिम्मेदारी निभा पाना असंभव है।

जरूरत इस बात की है कि खबरपालिका के सभी पक्षों और पहलुओं के वस्तुनिष्ठ अध्ययन के लिए तीसरा प्रेस (मीडिया) आयोग गठित हो। उसका गठन कमीशन आफ इन्क्वारी एक्ट के अंतर्गत हो, ताकि वह सम्बंधित पक्षों को सम्मन कर उनके बयान दर्ज कर सके। उनसे तथ्य माँग सके। निर्दिष्ट समय-सीमा में उसकी रिपोर्ट आए। रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक की जाए। उस पर खुली चर्चा हो, संसद में और सार्वजनिक भी। आयोग की सिफारिशों के क्रियान्वयन की भी समय-सीमा तय हो। मान-मर्यादा-दायित्व-बोध की लक्ष्मण रेखा खींचने में अधिक समय न गँवाया जाए। अन्यथा समाज का अक्स दिखाने वाला यह आईना इतना गंदा हो चुकेगा कि साफ शक्लें दिखना ही बंद हो जाएँगी। सब जानते हैं कि गंदा आईना घरों में नहीं रखा जाता, घूरे पर फेंक दिया जाता है।

**- संस्थापक-संयोजक**
**सप्रे संग्रहालय, भोपाल**

---

# बैंकों का प्रदर्शन सुधरा, पर रिज़र्व बैंक

**-राकेश दुबे**

देश के आर्थिक स्वास्थ्य के लिए यह सूचना बेहतर है कि वित्त वर्ष 2023 के लिए 37 सूचीबद्ध वाणिज्यिक बैंक संयुक्त रूप से अपने बहीखाते की गुणवत्ता बरकरार रखने में सफल रहे हैं। उक्त वित्त वर्ष में ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बावजूद ये बैंक ऋण आवंटन बढ़ाने के साथ ही तगड़ा मुनाफा भी कमाने में सफल रहे हैं। इसके बावजूद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों निदेशकों को अपने संस्थानों में संचालन और जोखिम प्रबंधन एवं आंतरिक अंकेक्षण से जुड़ी प्रक्रिया और चुस्त-दुरुस्त करने को कहा है । दास के इस निर्देश का अभिप्राय यह है कि बैंक किसी तरह के जोखिम की पहचान समय रहते कर उनका यथाशीघ्र समाधान खोज लें। उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को वित्तीय एवं परिचालन क्षमता भी मजबूत बनाने पर ध्यान देने के लिए कहा ।ये निर्देश अपनी जगह ठीक हैं मगर इनसे ध्यान हटाकर देखा जाए तो मुश्किल समझे जाने वाले वर्ष में बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन से आरबीआई को खुश होना था ।



ऊंची महंगाई के बावजूद आर्थिक अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार इसका एक कारण हो सकता है। यह भी सच है कि ब्याज दरें बढ़ने पर शुरुआती दौर में बैंक उधारी दर बढ़ाकर और जमा दरें अपरिवर्तित रख कर मुनाफा अर्जित करते हैं। उनका शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम)- उधारी एवं जमा पर ब्याज दरों में अंतर- तब तक बढ़ता है जब तक जमा रकम पर ब्याज दरें नहीं बढ़ती हैं ।इस तकनीकी पक्ष को छोड़ भी दें तो जिन 37 बैंकों के वित्तीय नतीजों का जिक्र किया गया है उनके प्रदर्शन शानदार रहे हैं। इनमें निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शामिल हैं। इन बैंकों के ऋण आवंटन 21 प्रतिशत बढ़ कर यह सालाना आधार पर 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया ।वित्त वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 11.92 लाख करोड़ रुपये था। फीस आधारित आय बहुत कम- मात्र 2 प्रतिशत- बढ़ी है जिससे स्पष्ट है कि मुनाफा निश्चित तौर पर ऋण कारोबार खंड से आया है। शुद्ध ब्याज आय 23 प्रतिशत बढ़ी है जिसका आशय है कि शुद्ध ब्याज मार्जिन अधिक रहा है ।

वैसे कुल जमा रकम में केवल 10 प्रतिशत इजाफा हुआ है इसलिए ऋण-जमा अनुपात (क्रेडिट डिपॉजिट रेश्यो) कम हुआ है। यह अनुपात इस समय 78 प्रतिशत है जो वित्त वर्ष 2022 में 74 प्रतिशत रहा था। चूंकि, बैंकों को ऋण आवंटन बढ़ाने के लिए अधिक रकम चाहिए इसलिए उन्होंने जमा पर ब्याज बढ़ाना शुरू कर दिया है। इससे लग रहा है अगली कुछ तिमाहियों में शुद्ध ब्याज मार्जिन कम रह जाएगा ।अगर केंद्रीय बैंक मुद्रा आपूर्ति नीति में ढील देगा और ब्याज दरों में कटौती करेगा तो फिर ऐसा नहीं होगा। इन बैंकों का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 41 प्रतिफल बढ़ गया मगर अच्छी बातें यहीं तक सीमित नहीं रहीं। बैंक संयुक्त रूप से सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (जीएनपीए) आवंटित ऋणों का लगभग 4 प्रतिशत तक रखने में सफल रहे हैं। वित्त वर्ष 2022 में इनका जीएनपीए 6.6 प्रतिशत था।

शुद्ध एनपीए भी वित्त वर्ष 2022 के 2 प्रतिशत की तुलना में ऋणों का 1 प्रतिशत तक रखने में बैंक सफल रहे हैं। वास्तव में जीएनपीए और एनपीए में खासी गिरावट आई है और इसका नतीजा यह हुआ है कि बैंक फंसे ऋणों के लिए प्रावधान भी निचले स्तर पर रखने में सफल रहे हैं।

बैंकों के इस प्रदर्शन से कई सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। ऋण आवंटन में मजबूत बढ़ोतरी इस बात का संकेत देती है कि अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे अपनी दिशा पकड़ने लगी है। एनपीए में कमी इस ओर इशारा करती है कि अर्थव्यवस्था पर दबाव कम हो गया है क्योंकि ऋणों का भुगतान हो रहा है और बैंकों की निगरानी एवं ऋण वसूली प्रक्रिया भी सुधर गई है ।आगे आर्थिक विस्तार को समर्थन देने के लिए वित्तीय क्षेत्र पूरी तरह तैयार है। कंपनियों द्वारा किए जाने वाले निवेश की चाल आने वाले समय में घरेलू एवं वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगी। आर्थिक गतिविधियों में दीर्घकालिक बढ़ोतरी के लिए उद्योगों द्वारा निवेश बढ़ाना जरूरी है।

---

# सियासत में ''ज्योति'' की सीख और ''दिग्गी'' का धन्यवाद

**-अरुण पटेल**

ग्वालियर के महाराजा और राघौगढ़ के राजा के बीच चाहे एक पार्टी में रहे हों या अलग-अलग पार्टी में तकरार की खबरें हमेशा सामने आती रही हैं। कुछ राजनीतिक गलियारों में यह भी कहा जाता रहा है कि डेढ़ दशक बाद सत्ता में आई कांग्रेस की कमलनाथ सरकार का पतन भी इसी की परिणति थी। लेकिन यह सही है कि कभी खुलकर तो कभी लुके-छिपे दोनों के समर्थक एक-दूसरे पर निशाना साधते रहे हैं। जबसे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा और प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनवाई और स्वयं पहले सांसद बने उसके बाद केंद्रीय मंत्री, उस समय से यह तकरार अक्सर मीडिया की सुर्खी बनती रही है।

बीते माह और बीतने जा रहे माह में महाराजा और राजा के बीच तकरार की कुछ और रंगत देखने में नजर आ रही है। सोशल मीडिया इन दिनों राजनेताओं के लिए आरोप-प्रत्यारोप का आसान जरिया बना हुआ है। सिंधिया ने दिग्विजय सिंह का एक वीडियो शेयर करते हुए उन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने की बात कही, इसके साथ ही उन्होंने दिग्विजय सिंह को अहंकार त्यागने की सीख तक दे डाली। अब बारी राजनीति के मजे-मंजाये खिलाड़ी दिग्विजय सिंह की थी, वे कहां पीछे रहने वाले थे उन्होंने भी सोशल मीडिया के जरिए जवाब देते हुए सिंधिया द्वारा उनको दी गयी सीख के लिए धन्यवाद दे डाला और कहा





कि सीख के लिए धन्यवाद महाराज। यह मामला 24 मई का है जब दिग्विजय सिंह बुरहानपुर जिले के दौरे पर थे। वहां की बैठक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें दिखाई दे रहे एक कार्यकर्ता से उनकी बहस हो रही है, उसके बाद दिग्विजय ने उसे बाहर जाने का कह दिया। इसका वीडियो आने के बाद भाजपा उन पर आक्रामक हो गयी। इसको लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया दिग्विजय सिंह पर हमलावर हो गये और अहंकार त्यागने की नसीहत दे डाली।

सिंधिया ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि अपनी पार्टी के ही नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ षडयंत्रकारी तरीके से पेश आने व दुर्व्यवहार करने की दिग्विजय सिंह की पुरानी आदत रही है, उन्हें लगता है कि सभी उनके इशारे पर रिमोट की तरह काम करेंगे। आगे उन्होंने लिखा राजा साहब दिग्विजय सिंह जी अहंकार त्यागें, लोगों को अपनाना और सम्मान देना सीखें। दिग्विजय ने भी फौरन ही सोशल मीडिया के जरिए उत्तर देते हुए लिखा कि आपकी सीख के लिए धन्यवाद महाराज। ताजा संदर्भों में दोनों के बीच यह पहली तकरार नहीं थी। अप्रैल माह में कांग्रेसजनों को एकजुट करने उज्जैन पहुंचे दिग्विजय सिंह ने सिंधिया पर तंज कसते हुए कहा था कि ''हे महाकाल, कांग्रेस में कोई ज्योतिरादित्य सिंधिया पैदा न हो।'' उन्होंने यहां तक कहा था कि जब कमलनाथ की सरकार को गिराया गया उस समय महाराजा भाजपा के हाथों बिक गये जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के विधायकों को भाजपा ने 25 से 50 करोड़ रुपये तक का आफर दिया लेकिन उन्होंने कांग्रेस को धोखा नहीं दिया। इसके बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी तीखा पलटवार किया और ट्वीटर पर जवाब देते हुए लिखा कि ''हे प्रभु महाकाल कृपया दिग्विजय सिंह जी जैसे देश विरोधी और मध्यप्रदेश के बंटाढार भारत में पैदा न हों।''

एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नये संसद भवन का उद्घाटन 20 विपक्षी दलों के बहिष्कार के बीच हो गया है तो इस उद्घाटन के पूर्व भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि भगवान राम की चरण पादुका यानी खड़ाऊं नये संसद भवन में स्थापित की जायें। उनका तर्क है कि भारतीय संस्कृति व इतिहास में भगवान राम की खड़ाऊं से बेहतर सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक और कुछ नहीं हो सकता। इसलिए रामराज्य की स्थापना के लिए भगवान राम की खड़ाऊं को नये संसद भवन में स्थापित किया जाए। उनका कहना था कि बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर, महात्मा गांधी से लेकर भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी जी ने देश में रामराज्य की परिकल्पना साकार करने का स्वप्न देखा था। यदि ऐसा किया जाना संभव हो तो यह पारदर्शी ,समदर्शी और निष्पक्ष रामराज्य की सनातनधर्मी विचारधारा का वास्तविक सम्मान होगा और जिन विकृत मानसिकता के नेताओं ने खड़ाऊं सत्ता को नकारात्मक और कहीं और से संचालित होने वाली मान रखा है उनको भी सबक मिल सकेगा। इस प्रकार त्रिपाठी ने बिन मांगे ही सलाह दे डाली है। क्योंकि कुछ राजनेता अपने आपको सर्वज्ञ व सर्वज्ञानी समझते हैं और बिन मांगे सलाह देने का कोई अवसर हाथ से नहीं जाने देते हैं ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## माथनी जहाजपुरा नर्मदा तट पर 3 युवक की डूबने से मौत

ओबैदुल्लागंज संवाददाता। रायसेन जिले के औबेदुल्लागंज विकासखड दिवटिया पंचायत के तीन युवक सोमवार की सुबह अपने रिश्तेदार के यहां रेहटी के माथनी जहाजपुरा स्थित नर्मदा तट पर नहाने पहुंचे, तो नहाते समय गहराई में जाने से डूब गए, जब मौके पर पहुंची पुलिस को युवक नजर नहीं आए तो स्थानीय लोगों की मदद से करीब डेढ़ घंटे बाद नदी में बने एक ही गड्ढे में तीनों के शव मिले, जिन्हें पुलिस ने वाहन से रेहटी अस्पताल पीएम के लिए भेजा गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को सौरभ नागर उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम दिवटिया, प्रियांशु नागर उम्र 19 वर्ष निवासी औबेदुल्लागंज और हर्ष नागर उम्र 19 वर्ष निवासी इटाया अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गए थे, जो सोमवार को माथनी के दो युवकों के साथ सुबह दस बजे जहाजपुरा स्थित नर्मदा घाट पर नहाने पहुंचे थे, जहां तीनों की मौत हो गई। बताया जा रहा है जब एक युवक डूबने लगा तो उसके साथ आए दो युवक उसे बचाने लगे, लेकिन पानी में गहराई अधिक होने के कारण एक-दूसरे को बचाने में तीनों डूब गए, यह देख माथनी के उनके साथ नहाने आए दो युवकों ने आसपास लोगों को आवाज दी तो स्थानीय लोग पानी में कूंद कर उन्हें ढूंढने लगे। मौके पर सलकनपुर थाना प्रभारी पहुंचे और एनडीआरएफ की टीम को बुलाया, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने तीनों की ढूंढ निकाला, पर तीनों की मौत हो चुकी थी, जिसको रेहटी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 52 हितग्राहियों को राशि वितरित

नर्मदापुरम। मई को प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के हाथठेला फेरी एवं रेहड़ी वालो की महापंचायत कार्यक्रम नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान के उद्बोधन को सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा और सुना गया। इस कार्यक्रम में विधायक नर्मदापुरम डॉ सीतासरन शर्मा, श्री पीयूष शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, श्री महेन्द्र यादव, उपाध्यक्ष श्री अभय वर्मा , मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री नवनीत पांडे एवं सभी पार्षदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम के पथ विक्रेता हितग्राहियो को लाभांवित किया गया जिसमें 52 हितग्राहियो को 10, 20 एवं 50 हजार राशि के चैक वितरित किए गए। विधायक डॉ शर्मा द्वारा हाथठेले पथ विक्रेताओं को फूल माला पहनाकर योजना के चैक वितरित किये गए द्य डॉ शर्मा जी द्वारा लाभांवित हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी और निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक डॉ द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से लाभांवित 02 विवाहित जोड़ो को उपहार स्वरूप एलईडी टीवी और दीवार घड़ी भी भेट की गई।

## मंडला जिले के आदिवासी अंचलों में आज भी आवश्यकता है सुविधाओं की

**मंडला।** विकास की महत्वपूर्ण कड़ी संसाधन अच्छी सड़कें है विकास रोजगार के साथ ही शिक्षा की सुविधाएं एक हद तक है जिले में यातायात की सुविधाएं बढ़ी है फोर व्हीलर टू व्हीलर के साथ ही थ्री व्हीलर ऑटो हर गांव में उपलब्ध है स्वर्गीय प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई ने ग्रामीण अंचलों को शहरों से जुड़ने के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव कस्बा शहरों से जोड़ा गया है इमरजेंसी सेवाओं के लिए आवश्यक मानी जाती है विकास के नाम से सवाल खड़े किए जा सकते हैं परंतु सवाल की सार्थकता को हमें गंभीरता से लेना होगा विकास की परिभाषा अलग-अलग की जा सकती है सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ लगभग सभी वर्गो को मिला है जिसे नकारा नहीं जा सकता मानव स्वभाव है कि जितनी ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराई जाए वह हितग्राही के लिए संतोषजनक नहीं होती फिर भी हम विकास के लिए कहीं ना कहीं पीछे हैं इसे स्वीकार करना होगा अब हम जनप्रतिनिधियों की बात करें तो नैतिक जिम्मेदारी से भी कहीं हट नहीं सकते विकास के लिए सुविधाओं के लिए गति बढ़ाने का काम जनप्रतिनिधियों का हो.. ता है अपनी नैतिक जिम्मेदारी से हट नहीं सकते जनप्रतिनिधियों की संख्या लंबी है ऐसे अधिकांश जनप्रतिनिधि भी हैं जो विकास के नाम पर सही राह से भटक जाते हैं मंडला नैनपुर में रिश्वतखोरी की अनेक शिकायतें सामने आ रही है लोकायुक्त के आए दिन छापे पड़ रहे हैं रंगे हाथ पकड़े जाने के मामले में शासकीय अमला सम्मिलित है जो गंभीर चिंतन का विषय है।

### कुछ दर्द हमारा भी जानो : मनोज राय

सांसद महोदय जी एवं विधायक महोदय जी पठार क्षेत्र के ग्राम डिठौरी माध्यमिक शाला सन 1904 मै खुला 120 वर्ष हो गए हैं एवं पूरे पठार में एक ही कन्या आश्रम डिंठौरी है जिसे खुले पूरे 50 वर्ष हो गए हैं कृपया इस ओर ध्यान देकर डिठौरी में कन्या हाई स्कूल खुलवाने का प्रयास करें एवं पठार में एक खोहरी डैम है जिसको बने 12 द्व 13 वर्ष हो गए हैं लेकिन 1 इंच जमीन की सिंचाई नहीं होती है कृपा पठार में ध्यान दें नहीं तो आने वाले चुनाव में पठार की जनता सब देख रही है मुझे भी पार्टी की सेवा करते हुए 40 वर्ष हो गए हैं फेसबुक लिखना तरीका गलत हो सकता है लेकिन आज का जमाना ऑनलाइन हैपूरे देश में ग्रामीण अंचलों को सड़क के मुख्य मार्ग से जोड़ने का जो कार्य किया वह विकास की कड़ी में बड़ा कदम माना जा रहा है वास्तविकता यह है कि ग्रामीण अंचलों को सड़क के मुख्य मार्ग से जोड़ा जा रहा है पार्टी के ऐसे कार्यकर्ता की य ह व्यथा है जो पठार क्षेत्र मैं पार्टी की पहचान है।

## छात्रा ने प्रोफेसर पर लगाए जबरदस्ती करने का गंभीर आरोप, थाना में हुई शिकायत

**शहडोल** ~संभाग के अनूपपुर जिले मे विगत दिनों तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर की एक छात्रा ने महाविद्यालय के ही एक सहायक प्राध्यापक पर जबरदस्ती करने के गंभीर आरोप लगाएं हैं। उक्त शिकायत के माध्यम से छात्रा द्वारा बताया गया की 27 मई को महाविद्यालय में अपना रोल नंबर देखकर परीक्षा देने परीक्षा कक्ष में जा रही थी तभी सहायक प्राध्यापक कमलेश कुमार चावले ने जबरन उसका हाथ पकड़ कर सुनसान कमरे में खींच कर ले जाने लगा। छात्रा को हाथ लगाने लगा। जब छात्रा ने इसका विरोध कर चिल्लाने लगी तभी कॉलेज का एक छात्र उसके बचाव में आया, जब वह वहां पहुंचा तो सहायक प्राध्यापक पीड़िता का हाथ पकड़ा हुआ था सहायक प्राध्यापक ने उसको पकड़कर सुनसान कमरे में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती की। छात्रा ने बताया कि वह महाविद्यालय में नियमित छात्रा है। ।छात्रा ने अपनी शिकायत में यह भी बताएं कि इससे पूर्व भी सहायक अध्यापक छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करते रहे हैं। बीते 2 महीनों से मेरे ऊपर बुरी नजर रखते थे। सड़क पर मुझे आते-जाते देख लिफ्ट देने की बात करते थे। साथ ही किसी न किसी बहाने से छात्रा को छूने की कोशिश करते थे। उक्त प्रकरण पर थाना प्रभारी कोतवाली अमर वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से शिकायत प्राप्त हुई है जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी तो वही कॉलेज के प्राचार्य जे के संत से जानकारी चाही गई तो उनका फ़ोन नहीं उठा 7

## कुम्हारी ग्राम में आयोजित हुआ आयुष मेला

शहडोल -जिला आयुष अधिकारी डॉ शशि प्रभा पांडे ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनान्तर्गत की थीम पर आयोजित बुढार ब्लॉक के कुम्हारी ग्राम का आयुष मेला रंग बिरंगा होगा आयुष विभाग द्वारा ऐसी जानकारी दी गई हैं। स्वस्थ शरीर के लिए आवश्यक क्रियाकलापों को दर्शाती प्रदर्शनी में योग व ध्यान की क्रियाएँ, औषधीय पौधों की प्रदर्शनी व वितरण के साथ-साथ विशेष रूप से (श्री अन्न) मोटा अनाज प्रदर्शित करते हुए उनके गुणकारी प्रयोग के बारे में बताया जाएगा। आयुर्वेद अनुकूल आहार विज्ञान अनुसार रंग बिरंगे आरोग्यकारी भोज्य पदार्थों की प्रदर्शनी में यह बताया जाएगा कि किस रंग के फल, सब्जी, दुग्ध उत्पाद आदि किस रोग निदान में उचित है आयुर्वेद का यह पुरातन ज्ञान आयुष विभाग का नवाचार सिद्ध होगा।

---

### विदिशावासी बोले यह हमारे लिये गौरव का क्षण

# विदिशा के विजय मन्दिर के आधार पर बना है भारत का नवीन संसद भवन

विदिशा (अमित शुक्ला)- देश के लिये गौरव का क्षण है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर देश 140 करोड़ नागरिकों को नवीन संसद समर्पित की साथ आज सम्पूर्ण विदिशा जिले वासियों के लिये भी गौरव का यह क्षण है क्योंकि आज जिस नवीन संसद भवन का लोकार्पण हुआ है वह हु वा हु बिल्कुल विदिशा के विजय मन्दिर जिसी ही है देखने पर विजय मन्दिर व देश की संसद भवन का चित्र एक समान ही दिखाई पड़ रहा है जब यह बात शोसल मीडिया पर वायरल हुई तब से ही विदिशा जिला वासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं7

विदिशा के विजय मन्दिर को बीजा मंडल के नाम से भी जाना जाता है कहा जाता है कि यह सूर्य मंदिर होने के साथ साथ यहां एक देवी का भी स्थान था जिन्हें विजय माता कहते थे इसलिए इस मंदिर का नाम विजय मन्दिर भी पड़ गया अब देश की नवीन संसद का भवन विजय मन्दिर की तर्ज पर बनना यह केवल एक इत्तफाक मात्र है या फिर विजय मन्दिर की डिजाइन का आधार उसकी मजबूती व बास्तु शास्त्र को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है जानकारों की मानें तो विदिशा का विजय मन्दिर इतना मजबूत था कि भूकम्प भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकता था 16 वी शताब्दी में मन्दिर को तोड़ने के लिये औरंगजेब ने 11 तोपों की मदद ली थी फिर भी इसे पूर्ण रूप से नहीं तोड़ पाए थे विजय मन्दिर की मोटी मोटी दीवारें आज भी बनी हुई हैं इसी प्रकार देश की नवीन संसद भी भूकम्प के झटकों से बचाव के पूर्ण इंतजाम हैं ऐसी कई समानताएं नवीन संसद भवन व विदिशा के विजय मन्दिर के बीच हैं जो आज विदिशा वासियों को गौरवान्वित करती हैं7



### यह है विजय मन्दिर-

विदिशा के विजय मन्दिर को हम बीजा मंडल के नाम से भी जानते हैं बताया जाता है कि 10वी व 11वी शताब्दी में इस मंदिर का पुनः निर्माण परमार वंश के राजाओं ने कराया था इसलिये इस मंदिर को परमार कालीन मन्दिर भी कहा जाता है 7 उस काल में यह देश के सबसे बड़े मंदिरों में से एक था इसकी शिखर करीब 105 गज ऊंची या कहें करीब 325 फिट ऊंची थी इस मंदिर की विशालता, भव्यता व इसका प्रभाव ऐसा था जो मुश्लिम शासकों की आखों में खटकता था इसलिए इस मंदिर पर कई आक्रमण हुए7 ऐसा नहीं है कि इस मंदिर को केवल औरंगजेब ने ही तोड़ा इस मंदिर पर अनेकों बार हमले हुए इसे तोड़ा गया और लुटा गया परमार बंश के पुनर्निर्माण के बाद 1233-33 के करीब इल्तुतमिश को लूटा बाद में खिलजी ने अपने सिपेसलारो को इस पर आक्रमण के लिए भेजा लेकिन धन्य है भारत माता के वे सपूत जो बार बार इस भव्यतम मन्दिर का पुनः निर्माण करते रहे और आज विदिशा का विजय मन्दिर अब देश की नवीन संसद के शक्ल में दिखाई पड़ेगा या मानो की 21 वी शताब्दी में नरेंद्र मोदी जी ने विदिशा के विजय मन्दिर को दिल्ली में पुनः निर्माण कराया है जिसे हम लोकतंत्र का मंदिर के रूप में देखेंगे7

### रामायण में भी है विदिशा का उल्लेख-

विदिशा एक प्राचीन नगरी है इसका उल्लेख रामायण में भी है जानकार बताते हैं की श्रीराम चन्द्र जी ने अपने छोटे भाई शत्रुघ्न के एक बेटे को विदिशा का राज्य देकर यहां का शासक बनाया था इस बात का उल्लेख रामायण में है7 विदिशा नगरी इतिहास और धरोहर को सहेजे हुए हैं लेकिन विश्व पटल पर अब तक विदिशा को वह नाम नहीं मिल पाया जिस प्रकार की धरोहर विदिशा अपने आप मे सहेजे हुए है लेकिन अब जब देश की नवीन संसद का लोकार्पण हुआ है और जब यह बात सामने आ रही है कि नवीन संसद भवन के निर्माण के लिये विदिशा के सूर्य मंदिर बीजा मंडल को आधार माना है जब से एक नई सूर्य की किरण दिखाई पड़ी है अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि विदिशा अब अपनी प्राचीनतम धरोहर को पुनः प्राप्त करने जा रहा है7

### इनका कहना है

यह हमारे लिये गर्व की बात है कि भारत की नवीन संसद भवन की डिजाइन हमारे विदिशा के विजय मन्दिर जैसी ही है7विजय मन्दिर हमारे लिए आस्था का केंद्र है वही दूसरी ओर भारत की संसद हमारी लोकतंत्र की आस्था का केंद्र है हम आज अपने आप को गौरवान्वित महशुस कर रहे हैं7

**राकेश सिंह जादौन,** जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विदिशा

हमारे लिये गौरव का क्षण है जब विदिशा के विजय मन्दिर जैसी भारत की नवीन संसद का आज लोकार्पण हुआ है7 विदिशा का विजय मन्दिर सैकड़ों वर्ष पुराना है इसकी शिखर 325 फिट ऊंची थी7 मुझे लगता है देश के बहुत कम मन्दिर ऐसे होंगे जिनकी शिखर इतनी ऊंची हो इसकी मजबूती व बास्तु के हिसाब से यह बड़ा उपयुक्त था इसलिये हो सकता है विदिशा के विजय मन्दिर को आधार मान कर भारत की नवीन संसद का निर्माण हुआ हो यह हमारे लिये गौरव की बात है 7

**मुकेश टंडन,** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विदिशा

विदिशा के विजय मन्दिर का निर्माण चालुक्य वंश के राजा कृष्ण के प्रधानमंत्री वाचस्पति ने विदिशा विजय के उपरांत कराया था7 चालुक्य वंश सूर्य वंशी होते हैं सूर्य का एक नाम भिल्ल स्वामिन भी होता है अतः पहले इस स्थान का नाम भेलसानी फिर बाद में भेलसा जिसे आज हम विदिशा कहते हैं7 विदिशा का विजय मन्दिर जिसे हम बीजा मंडल के नाम से भी जानते हैं वह एक ट्रकोणीय आकर का चतुर्भुज मन्दिर है7 जब विजय मन्दिर का ड्रोन से फोटो लिया गया और जब भारत के नवीन संसद भवन की डिजाइन सामने आई तब दोनों एक ही समान दिखे7 सेंट्रल विस्टा या नए संसद भवन के वास्तु की प्रेरणा , हमारे विजय मन्दिर बीजा मंडल से ली गई है7 बीजा मंडल विजय मन्दिर वास्तु के अनुरूप है7 भारत के नवीन संसद भवन का निर्माण विदिशा के विजय मन्दिर के आधार पर होना हम सभी विदिशा वासियों के लिए गौरव की बात है7

**गोविंद देवलिया,** इतिहास कार व वरिष्ठ समाजसेवी विदिशा

## नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरने में महिलाओं के उमड़ते हुजूम से बौखलाई

### भाजपा भ्रम फैलाकर महिलाओं को गुमराह करने पर उतरी - रेखा चौधरी

सागर। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी महिलाओं को 15 सौ रुपए प्रतिमाह तथा 500 रु में गैस सिलेंडर देने के वचन से भारतीय जनता पार्टी बुरी तरह से घबरा गई है। नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरने को लेकर महिलाओं के उमड़ते हुजूम और कांग्रेस के प्रति बढ़ते जनसमर्थन से बौखलाई भाजपा अब गलतबयानी कर महिलाओं को गुमराह करने पर उतर आई है।

यह आरोप सागर जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी ने आज भाजपा पर यहां लगाए हैं। नारी सम्मान योजना को लेकर भाजपा द्वारा महिला वर्ग को भ्रमित और गुमराह करने की कोशिशों पर पलटवार करते हुए रेखा चौधरी ने आगे कहा कि महिला उत्पीड़न और अत्याचारों में सिरमौर बन चुके मध्यप्रदेश में आम घरेलू महिलाएं बढ़ती महंगाई से बेहद परेशान हैं। ऐसे में उन्हें सम्मान के अवसर प्रदान करने की दिशा में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी द्वारा कांग्रेस की सरकार बनने पर 1500 रु प्रतिमाह व 500 रु में गैस सिलेंडर देने के साथ साथ 100 यूनिट फ्री बिजली देने का वचन दिया है। इस वचन को पूरा करने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा गांव गांव और शहर की गलियों के अंतिम छोर तक जाकर नारी सम्मान योजना के फॉर्म भरवाए जा रहे हैं। इन फॉर्म को भरने और योजना का फायदा उठाने के लिए महिलाओं के उमड़ते हुजूम से भाजपा बुरी तरह घबरा गई है। इस योजना से अपनी सत्ता जाने की घबराहट में अब वह फार्म में भरी जा रही जानकारी को लेकर अनर्गल बयानबाजी द्वारा महिलाओं को गुमराह कर रही है और उन्हें भविष्य में मिलने वाले इस लाभ से वंचित करने के लिए भ्रम फैला कर रोड़े अटकाने का प्रयास कर रही है। जिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष रेखा चौधरी ने कहा कि कमलनाथ जी मध्यप्रदेश और भारत की राजनीति में %वचननाथ% के रूप में स्थापित हो चुके है। रेखा चौधरी ने दावा किया है कि पूर्व में



कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश की जनता को 1 रु यूनिट बिजली और कन्या विवाह योजना की राशि 28 हजार से बढ़ाकर 51 हजार रु करने, करीब 27 लाख किसानों की 1 लाख रु तक की कर्ज माफी, निराश्रित पेंशन की राशि 300 से बढ़ाकर 600 रु करने जैसे सैकड़ों वचनों को पूरा किया गया है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने आरोप लगाया है कि भाजपा की शिवराज सरकार ने इस प्रदेश की महिलाओं को अत्याचार, उत्पीड़न और अपराध का वातावरण देकर कमरतोड़ महंगाई से उनका घर चलाना मुश्किल किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी नारी वर्ग को इस अपमान और जिल्लत भरे जीवन से मुक्ति दिलाकर सम्मान का जीवन देने का संकल्प ले चुकी है जिसे माननीय श्री कमलनाथ जी के नेतृत्व में बनने वाली कांग्रेस की सरकार आने पर हर हाल में पूरा किया जाएगा।

## हांथ ठेला फेरी एवं रेहडी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया

शहडोल मुख्यमंत्री निवास भोपाल में प्रस्तावित नगरीय क्षेत्र के हाथ-ठेला, फेरी वालों, रेहड़ी वालों की पंचायत कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 29 मई को परिषद प्रांगण मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला,अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया,सभापति रवि सिंह,जीतेन्द्र चौहान, विडडू शर्मा रंजीत वर्मा की उपस्थिति मे देखा व सुना गया।उल्लेखनीय है कि पीएम स्वनिधि योजना मध्यप्रदेश देश में अव्वल है 14 मई 2020 को केंद्र सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना घोषित की गई थी जिसका क्रियान्वयन 1 जून 2020 से प्रारंभ हुआ था कोरोना काल में कारोबार की दिक्कतें झेलने वाले शहरी पथ विक्रेताओं के रोजगार और उनकी आजीविका को सुनिश्चित करना योजना का प्रमुख उद्देश्य था योजना में एक वर्ष के लिए 10 हजार रूपये की ब्याज मुक्त कार्यशील पूंजी ऋृण के रूप में उपलब्ध करायी जाती है, समय से भुगतान करने पर दोबारा 20 हजार रुपये की राशि प्राप्त होती है, जिसका भुगतान समय पर करने पर 50 हजार रूपये की कार्यशील पूंजी ऋृण और ब्याज अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। उक्त अवसर पर पार्षद, चंदा देवी महरा,राकेश दीवान, राव,विजेंद्र देवांगन, सरिता यादव, दिव्या मेहता,रीता पालीवाल,पार्वती सिंह गोंड, हांथ ठेला हितग्राही दीपक, कन्हैया, सहित परिषद के कर्मचारी अमित जायसवाल, हरीश सिंह, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं संधान ट्रस्ट कार्यकर्ता जयप्रकाश रवि,रामप्रवेश चौधरी मौजूद रहे।

## प्रावीण्य छात्र-छात्राओं को सीएम करेंगें सम्मानित



शिवपुरी - हाल ही में घोषित माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा परिणाम में जिले के आठ होनहारों ने प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर शिवपुरी को गौरवांवित किया था, इनमें 6 विद्यार्थियों ने हाई स्कूल तो दो ने हायर सेकेण्डरी के प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान खुद जिले सहित प्रदेश भर के मैरिट सूची में आए इन विद्यार्थियों को मंगलवार को भोपाल के नवीन रविन्द्र भवन पालीटेक्निक चौराहा में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान सम्मानित करेंगे। सोमवार की दोपहर जिले के इन आठ होनहार विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर विशेष वाहन से भोपाल रवाना किया।

इस दौरान इन विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए डीईओ ने कहा कि जिले के लिए यह गौरव का क्षण है जब एक साथ आठ विद्यार्थी भोपाल में सम्मानित होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव, परीक्षा प्रभारी राजेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक विमल श्रीवास्तव, क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र सिंह तोमर सहित विद्यार्थियों के साथ रवाना होने वाले दल में शामिल शिक्षक स्नेह रघुवंशी व शिक्षिका सुनीता राठौर मौजूद थीं। उक्त सम्मान समारोह मंगलवार दोपहर 1 बजे से आयोजित होगा। इन छात्रों में प्रदेश प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल करने वाले छात्र शुभम शुक्ला, अंश गर्ग, नवां स्थान हासिल करने वाले आदित्य जाटव, परी गर्ग एवं दसवां स्थान हासिल करने वाले निखिल जाटव व विवेक दांगी शामिल हैं।

## गढ़ाकोटा के बाद दूसरे नंबर पर कोई विवाह समारोह सराहा जायेगा तो उसके लिये नोहटा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना सम्मेलन का नाम आएगा

### विवाह सम्मेलन में विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और पूर्व मंत्री सांसद प्रतिनिधि सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उपस्थित होकर नव दंपत्तियों को दिया आर्शीवाद

दमोह जिले के जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नोहटा में आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में नव दंपतियों को विधायक जबेरा धर्मेंद्र सिंह लोधी, पूर्व मंत्री जयंत मलैया, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, प्रीतम सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, सतीश तिवारी, कलेक्टर मयंक अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव, गुड्डू पटेल, भरत यादव, भाव सिंह मासाब, जनपद अध्यक्ष आभा राय, विनोद राय, नोहटा सरपंच सोनम यादव, लाल सिंह यादव सहित उपस्थित अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी। यहां आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तहत जबेरा और तेंदूखेड़ा क्षेत्र के वर-वधुओं के परिजनों सहित बड़ी संख्या में ग्राम नोहटा और आसपास के गांवो से आए हुए वर-वधुओं के परिजन, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि अधिकारी-कर्मचारियों और सम्मानीय मीडिया जन मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नोहटा में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत नव वर-वधू जोड़ों को ऑनलाईन जुड़ कर आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि सभी का जीवन सुखमय हो। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नव दंपतियों ने जो यहां सात फेरे में सात वचन लिए हैं, उनका पालन करें। मुख्यमंत्री चौहान भोपाल से ऑनलाइन जुड़कर नोहटा में आयोजित विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा विवाह होने के बाद शरीर अवश्य दो होते हैं किंतु आत्मा एक होती है। उन्होंने कलेक्टर मयंक अग्रवाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जबेरा विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत समूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न होने जा रहा है। गढ़ाकोटा के बाद दूसरे नंबर पर कोई विवाह समारोह सराहा जायेगा तो उसके लिये नोहटा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना सम्मेलन का नाम हमने दर्ज कर दिया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवता, जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता



निवास करते हैं इसलिए इस मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 726 जोड़ों का विवाह संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम में एक कल्याणी विवाह भी संपन्न हो रहा है, यह कार्यक्रम आप सब के सहयोग के बिना संपन्न नहीं हो सकता था, यह बहुत बड़ी व्यवस्था है, बहुत सारे लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं, उनका और सेवा में लगे वॉलिंटियर्स का इस मंच के माध्यम से बहुत-बहुत स्वागत करता हूं, वंदन करता हूं। यह बहुत बड़ा आयोजन है इस आयोजन को सफल बनाने की जवाबदारी भी हम सभी की है।

## बसों को हरीझंडी दिखाकर नपाध्यक्ष ने किया हाथठेला हितग्राहियों को सम्मेलन के लिए रवाना

बैरसिया। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित हाथठेला हितग्राही सम्मेलन में शामिल होने वाले बैरसिया नगर पालिका क्षेत्र के 75 हितग्राहियों की बसों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें पीएम स्वनिधि का लाभ लेने वाले हितग्राही शामिल है।

बैरसिया नगर पालिका द्वारा इस योजना पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस योजना का लाभ दिलाने के लिये कई बार बैंकर्स के साथ बैठक कर 100 प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभ देने के लिए बैंक प्रबंधकों से कहा। इसी का नतीजा है कि नगर पालिका में इस योजना का लाभ लेने वाले हितग्राहियों का आंकड़ा 983 पर पहुंच गया है।

इसमें 10 हज़ार रुपए का लोन वाले 774, 20 हज़ार रुपये का लोन वाले 200 और 50 हज़ार रुपये का लोन लेने वाले 9 हितग्राही शामिल है। इसके अलावा डेएनयूएल योजन अंतर्गत 62 हितग्राहियों को दो-दो लाख रुपये का लोन दिलाया जा चुका है।



सरकार की मंशा अनुरूप नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी भी लगातार इस योजना पर गंभीरता से काम कर रहे है। सरकार चाहती है कि देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर बने। आत्मनिर्भर बनने के आर्थिक सहायता की आवश्यकता लगती है। इसी मंशा से सरकार ने यह योजना शुरू की। इस योजना में उक्त लोन का ब्याज़ केंद्र और राज्य सरकार भरेगी।

## नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला फेरी एवं रेहड़ी वालों की महापंचायत कार्यक्रम कर हुआ आयोजन

छतरपुर। प्रधानमंत्री पथ विक्रेता आत्मनिर्भर निधि (पीएम. स्वनिधि) योजना अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला फेरी एवं रेहड़ी वालो की महापंचायत कार्यक्रम कर हुआ आयोजन पूरे प्रदेश में किया गया। छतरपुर नगर पालिका अंतर्गत शहर के ऑडिटोरियम हॉल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से जुडकर प्रदेश की सभी नगरीय निकाय क्षेत्र के हाथ ठेला, फेरी एवं रेहड़ी वालो से वर्चुअल संवाद किया एवं उनके हित में फैसले लिए और उनकी घोषणाएं की।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी पथ विक्रेताओं को कार्यशील पूंजी बैंकों के माध्यम से ब्याज मुक्त ऋृण प्रदान करना है। जिसमें सात प्रतिशत ब्याज भारत सरकार द्वारा एवं शेष ब्याज की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है। पीएम स्वनिधि योजना को तीन भागों में संचालित किया गया है। प्रथम कार्यशील पूँजी ऋृण राशि रूपये 10 हजार अवधि 12 माह, द्वितीय कार्यशील पूंजी ऋृण राशि रूपये 20 हजार, अवधि 18 माह, तृतीय कार्यशील पूँजी ऋृण राशि रूपेय 50 हजार अवधि 36 माहपथ विक्रेताओं को स्वनिधि से समृद्धि ÷ अभियान के माध्यम से पूरे परिवार को जोड़कर पालता के अनुसार शासन की 08 योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान 150 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र देकर हितलाभ वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ललिता यादव, जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, नपाध्यक्ष ज्योति सुरेंद्र चौरसिया, उपाध्यक्ष विकेंद्र बाजपेई, पूर्व अध्यक्ष अर्चना गुडडू सिंह, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, जुझार सिंह बुदेला, महिला मोर्चा अध्यक्ष डां नंदिता पाठक, भाजपा नेता जयराम चतुर्वेदी, भाजपा महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बॉबी राजा, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मध्यांचल बैंक नवीन मेशराम, आरबीआई एसबीआई से कपिल, हरिश्चंद्र नापित, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता एवं शहर के सभी वार्ड पार्षद मौजूद रहे।छतरपुर नगर पालिका पथ विक्रेताओं की प्रोफाइलिंग करने में प्रथम स्थान परपीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से छतरपुर नगर पालिका के द्वारा अभी तक हितग्राहियों को 10 हजार, 1556 हितग्राहियों को 20 हजार एवं 213 हितग्राहियों को 50 हजार ऋृण प्रदान कर लोगों को लाभान्वित किया गया है

## मोबिल ने ऋतिक रोशन को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** मोबिल जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है, एक्सॉनमोबिल ने आज बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर, ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने, विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं। एक्सॉनमोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा, ÷भारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में ज़बरदस्त भरोसा कायम होगा, जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की ज़रूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा।ब्रांड एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए, अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा, मैं मोबिल और इसके भरोसेमंद ब्रांड के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बड़ा उत्सुक हूं, जिसे न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में पहचाना जाता है।

## आईटीआई म्युचुअल फंड ने लॉन्च किया आईटीआई फोकस्ड इक्विटी फंड

**मुंबई।** आईटीआई म्यूचुअल फंड ने अप्रैल 2019 में अपना ऑपरेशन (परिचालन) शुरू किया था और निवेशकों के लिए बाजार में 17 मुख्यधारा के म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट लॉन्च किए हैं। एसेट मैनेजमेंट कंपनी यानी ऌस्ष्ट एक बड़े कन्जर्वेटिव कैश-रिच बिजनेस ग्रुप द्वारा समर्थित है। इतने कम समय में, ग्रुप ने यह सुनिश्चित किया है कि निवेशकों के लिए एक आसान लॉन्?ग टर्म (दीर्घकालिक) निवेश का अनुभव बनाने के लिए ऌस्ष्ट के भीतर गवर्नेंस, लोग, प्रक्रियाएं और इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छी तरह से स्थापित हो। फंड हाउस 22 मई, 2023 तक 4,011 करोड़ रुपये के एसेट को मैनेज कर रहा है। कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट यानी ऌरू में से इक्विटी ऌरू की हिस्सेदारी 3,285 करोड़ रुपये, जबकि हाइब्रिड और डेट स्कीम की हिस्सेदारी 432 करोड़ रुपये और 295 करोड़ रुपये है। ऌरू का जियोग्राफिकल विस्तार टॉप 5 शहरों में 46.10ड्ढ, उसके बाद के 10 शहरों में 21.99ड्ढ, उसके बाद के 20 शहरों में 15.01ड्ढ और अगले 75 शहरों में 12.68ड्ढ और अन्य में 4.22ड्ढ की हिस्सेदारी के साथ डाइवर्सिफाइड है।

## ग्रेसिम की परिवर्तन लाने वाली वृद्धि की यात्रा के अगले चरण का काम जारी

**मुंबई।** ग्रेसिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष व तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। इसके अनुसार समेकित राजस्व ने वित्तीय वर्ष 23 के लिए ऐतिहासिक स्तर पर मील का पत्त्थर पार करते हुए, 1 लाख करोड़ रूपये का स्तर पार किया और यह 1,17, 627 करोड़ रूपये पर पहुंच गया। स्टैंडअलोन व्यवसाय के मजबूत प्रदर्शन एवं इसके साथ ही इसकी महत्वपूर्ण सब्सिडियरीज़- अल्ट्राटेक सीमेंट, आदित्य बिरला कैपिटल और आदित्य बिरला रिन्यूबेवल्स के मजबूत प्रदर्शन सहित, राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत बढ़ा। वित्तीय वर्ष 23 की चौथी तिमाही के लिए कम्पनी का कंसोलिडेटेड (समेकित) राजस्व अपने उच्चतम स्तर 33,462 करोड़ रूपये पर पहुंचा और पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई। इसमें मुख्य रूप से महत्वपूर्ण सब्सिडियरीज़ का प्रदर्शन का योगदान शामिल है।

## पियो दूध, स्वस्थ रहो और बनो मजबूत!

**मुंबई।** वर्ल्ड मिल्क डे एक विशेष दिन है, जो हमें याद दिलाता है कि हमारी तंदुरूस्ती के लिये दूध कितना जरूरी है। यह दूध पीने से मिलने वाले स्वास्थ्य संबंधित कई फायदों के बारे में बताता है। अक्सर बच्चे दूध पीने में काफी नखरे करते हैं और इसे पीना नहीं चाहते, लेकिन मांयें अपने बच्चों की दूध की रोजाना की खुराक सुनिश्चित करने के लिये रचनात्मक और मजेदार तरीके ढूंढ ही लेती हैं। मांओं में दूध पीने को मजेदार अनुभव में बदलने की एक खास प्रतिभा होती है और इस काम को वे काल्पनिक कहानियों और नये-नये तरीकों के जरिये अंजाम देती हैं। वर्ल्ड मिल्क डे के इस खास अवसर पर एण्डटीवी के कलाकार अपनी मांओं की कुछ अनूठी कहानियां साझा कर रहे हैं और बता रहे हैं कि उनकी मांओं के पास वह रचनात्मक और अनूठी जादू की छड़ी क्या थी, जिसके जरिये वह उन्हें रोजाना दूध पिला देती थीं।

## थिंकइंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड ने उत्कृष्ट परिणामों की घोषणा की

**मुंबई ।** थिंकइंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड (बीएसईः 539310), एक प्रमुख मनोरंजन और सामग्री कंपनी, ने 31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए उत्कृष्ट आय दर्ज की है। वित्तीय वर्ष 23 की वित्तीय हाइलाइट्स ः वित्तीय वर्ष 23 का सालाना राजस्व 170ड्ढ बढ़कर 25.28 करोड़ हो गया, उसी तरह शुद्ध लाभ 47ड्ढ से 4.45 करोड़ तक पहुंचा। थिंकिंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 23 के लिए उत्कृष्ट परिणाम की सूचना दी। कंपनी ने 25.28 करोड़ रुपये के संचालन से राजस्व की सूचना दी। जबकि वित्तीय वर्ष 23 में 9.36 करोड़ के सालाना राजस्व से 170ड्ढ की वृद्धि दर्ज की। वित्तीय वर्ष 23 के लिए शुद्ध लाभ 47ड्ढ बढ़ा, जो वित्तीय वर्ष 22 के 3.03 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ के मुकाबले 4.45 करोड़ था। कंटेंट किंग है, हम इस पर दृढ़ता से विश्वास करते हैं और यही कारण है कि थिंकइंक पिक्चर्ज़ फिल्म अंकन की सर्वश्रेष्ठ सामग्री बनाने,टीवी और वेब शोज़ में फिक्शन और गैर-फिक्शन के जुनून से पैदा हुआ था।

## बजाज आलियांज लाइफ ने टर्म प्रोडक्ट लॉन्च किया

**पुणे ।** भारत को दुनिया की मधुमेह राजधानी के रूप में जाना जाता है। देश में मधुमेह की आबादी के 2025 तक 69.9 मिलियन और 2030 तक 80 मिलियन के खतरनाक स्तर तक पहुंचने की उम्मीद है(2)। भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा जो मधुमेह से पीड़ित है, वर्तमान में बीमाकृत है। मधुमेह को जटिल बीमारी कहा जाता है, जिन लोगों को इसका पता चलता है, उनके लिए अपने परिवार की जरूरतों को आर्थिक रूप से सुरक्षित करने के लिए व्यापक जीवन कवर प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण होता है।मधुमेह के व्यक्तियों को सशक्त बनाने और उन्हें अपने प्रियजनों के जीवन लक्ष्यों को हासिल करने के बारे में आश्वस्त होने में सक्षम बनाने के लिए, भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, बजाज आलियांज लाइफ ने एक विशेष टर्म प्लान बजाज आलियांज लाइफ डायबिटिक टर्म प्लान सब 8 एचबीए1सी लॉन्च किया है। यह भारतीय जीवन बीमा उद्योग में अपने तरह का पहला सुरक्षा प्लान है जिसे विशेष रूप से टाइप 2 डायबिटिक और प्री-डायबिटिक व्यक्तियों के लिए डिज़ाइन किया गया है।बजाज आलियांज लाइफ़ का डायबिटिक टर्म प्लान सब 8 एचबीए1सी मधुमेह वाले लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की बारीकियों को ध्यान में रखते हुए जीवन बीमा कवरेज प्रदान करता है। प्री-डायबिटिक या टाइप 2 डायबिटिक व्यक्तियों के लिए जिनका एचबीए1सी 8ड्ढ (3) तक है(3)। यह व्यापक प्लान उन्हें अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।



# कम हुई है राज्यों के कर्ज लेने की सीमा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने एक बार फिर से राज्यों की लोन लेने की सीमा घटा दी है। इस वजह से राज्यों को निश्चित रूप से दिक्कत होगी। केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने तो इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कल इस बारे में उन्होंने एक बयान भी दिया है। उन्होंने कहा है कि वह इस बारे में वह केंद्र सरकार से डिटेल स्टेटमेंट मांगेगे। हम यहां आपको बता रहे हैं कि आखिर राज्यों के बीच इस बारे में क्यों बवाल मचा हुआ है। आखिर राज्य क्यों चाहते हैं ज्यादा लोन या कर्ज लेना और क्यों केंद्र सरकार उनसे कम लोन लेने के लिए कहती है?

**लोन बढ़ा तो खतरनाक–** लोन की बढ़ती राशि राज्यों की अर्थव्यवस्था के लिए खतरनाक होती है। यदि कोई राज्य ज्यादा लेता है, तो इससे थोड़े समय के लिए तो उसके यहां डेवलपमेंटल एक्टिविटीज बढ़ जाती है। लेकिन लंबे अंतराल में देखें तो इससे उसके विकास की गति कुंद पड़ जाती है। दरअसल, किसी भी राज्य के विकास पर का आकलन उसके सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी से किया जा सकता है। जब किसी राज्य में कर्ज का बोझ ज्यादा होगा तो उसका सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी की विकास दर घट जाएगी। साल 2020-21 में तो सभी राज्यों का कुल कर्ज 15 वर्षों के उच्च स्तर पर पहुंच चुका था। राज्यों का औसत कर्ज उनके जीडीपी के मुकाबले 31 फीसदी से ऊपर पहुंच गया था। इसमें सभी राज्यों को राजस्व घाटा 17 साल के उच्च स्तर, 4.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

**किस राज्य में सबसे ज्यादा कर्ज–** हम यदि राज्यों के ग्रॉस डॉमेस्टिक प्रोडक्ट की बात करें तो साल 2021 में कर्ज और जीएसडीपी का अनुपात सबसे ज्यादा पंजाब में था। उस साल तक पंजाब अपने ग्रॉस डॉमेस्टिक प्रोडक्ट से 53.3 फीसदी ज्यादा लोन ले चुका था इसी तरह राजस्थान का 39.8 फीसदी पश्चिम बंगाल का 38.8 फीसदी और केरल का 38.3 फीसदी था।

**2020 में बढ़ी थी सीमा–** सरकार ने कई राज्यों की मांग पर साल 2020 में राज्यों की लोन लेने की सीमा को बढ़ाकर 5 फीसदी करने की घोषणा की थी। उसके बाद राज्य अपने ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट के 5 फीसदी तक कर्ज ले सकते थे। लेकिन बाद में यह सीमा 3:50 फीसदी कर दी थी। अब इसे और कम कर दिया गया है।

## शिंगल्स को लेकर जागरूकता और बचाव के लिए जीएसके ने अमिताभ बच्चन से मिलाया हाथ

**नयी दिल्ली ।** जीएसके ने शिंगल्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने केलिए प्रतिष्ठित अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ गठजोड़ का एलान किया है। शिंगल्सएक दर्दभरी बीमारी है, जिससे 50 साल से अधिक उम्र का हर तीसरा वयस्क पीड़ित है।कैंपेन फिल्म में शिंगल्स के कारण होने वाले बेतहाशा दर्द और जीवन पर इसकेकारण पड़ने वाले दुष्प्रभाव को दर्शाया गया है। इस कैंपेन फिल्म में यहमहत्वपूर्ण संदेश दिया गया है कि टीकाकरण के माध्यम से बुजुर्गों को इस दर्दभरीबीमारी से बचाना संभव हो सकता है।जीएसके की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा, अमिताभ बच्चने पहले भी कई बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने और टीकाकरणकार्यक्रमों को बढ़ावा देने के अभियानों का चेहरा रह चुके हैं और उनकेसमर्थन से लोगों को उन बीमारियों से बचाव के जरूरी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहितकरने में मदद मिली है। वर्तमान समय में भारत में बुजुर्गों की आबादी बढ़ रहीहै और हमें उन्हें शिंगल्स जैसी बीमारी के प्रति जागरूक करना होगा, क्योंकि यहबीमारी उनके जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। हमें विश्वास हैकि इस कैंपेन से ज्यादा से ज्यादा लोग स्वयं को और अपने प्रियजनों को शिंगल्स सेबचाने के लिए अपने डॉक्टर से बात करने के लिए प्रोत्साहित होंगे।श्इस साझेदारी को लेकर अमिताभ बच्चन ने कहा, शिंगल्स बहुत दर्दभरी बीमारी है और इसके कारण वरिष्ठ नागरिकों काजीवन ठहर जाता है। शिंगल्स से बचाव के लिए वरिष्ठ नागरिकों को समय रहते अपनेडॉक्टर से बात करनी चाहिए, जो उन्हें बचाव का संभावित तरीका बता सकते हैं।इस फिल्म के रचनात्मक पहलू को लेकर लोव लिंटास केचीफ क्रिएटिव ऑफिसर (ग्लोबल ब्रांड्स) सागर कपूर ने कहा, श्हमारी चुनौती थी एक ऐसातरीका खोजने की, जिससे हम शिंगल्स के कारण होने वाले असहनीय दर्द को दर्शासकें, जिसे बस महसूस किया जा सकता है। इसीलिए हमने इसमें शरीर में चुभते कांटेऔर इलेक्ट्रिक शॉक जैसे प्रतीक दिखाए हैं। हम लोगों को डराना नहीं चाहते हैं,बल्कि उन्हें जागरूक करना चाहते हैं कि शिंगल्स बहुत दर्दनाक हो सकता है और इससेबचाव भी संभव है।

## डब्ल्यू20-एमएएचई महिला वाइस चांसलर्स और लीडर्स कॉन्क्लेव का अनावरण एमएएचई बेंगलुरु में किया गया

**बेंगलुरू, एजेंसी।** डब्ल्यू20-एमएएचई महिला वाइस चांसलर और लीडर्स कॉन्क्लेव जिसका नाम, वुमन इन हायर एजुकेशन फॉर इनेबलिंग लीडरशिप है, का उद्घाटन आज मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई) कैंपस, बेंगलुरु में हुआ। इस मौके पर भारत के विभिन्न हिस्सों से आई 50 अग्रणी महिलाएं मौजूद थीं। डब्ल्यू20 को महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास में बदलाव के लिए अनुशंसाओं का एक चार्टर प्रस्तुत किया गया था। यह डब्ल्यू20 द्वारा साझा की गई दृष्टि है। महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास पर केंद्रित सिफारिशें पांच विषयों - उच्च शिक्षा, श्रम शक्ति भागीदारी, कौशल विकास, देखभाल कार्य और नेतृत्व में प्रस्तुत की गईं। ये पहलू विकास नीतियों और व्यवहारों में मुख्यधारा के प्रगतिशील लैंगिक दृष्टिकोण के हस्तक्षेप के महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।

इस मौके पर टीआईएसएस की वाइस चांसलर प्रो. डॉ. शालिनी भारत, डब्ल्यू20 की चेयरपर्सन डॉ संध्या पुरेचा, डब्ल्यू20 की चीफ कोऑर्डिनेटर सुश्री धरित्री पटनायक, पूर्व आईपीएस और डब्ल्यू20 की प्रतिनिधि सुश्री भारती घोष, एमएएचई के वाइस चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल डॉ एमडी वेंकटेश और प्रोफेसर मधु वीरराघवन, एमएएचई, बेंगलुरु की प्रो वाइस चांसलर जैसी प्रमुख अग्रणी




महिलाएं मौजूद थीं। डब्ल्यू20 लैंगिक समानता पर केंद्रित आधिकारिक जी20 जुड़ाव समूह है। इसका प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लैंगिक विचारों को जी20 चर्चाओं में मुख्य धारा में शामिल किया जाए और जी20 लीडर्स डिकलरेशन में इन नीतियों तथा प्रतिबद्धताओं के बदले हुए रूप में शामिल किया जाए जो लैंगिक न्याय और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दें। एमएएचई डब्ल्यू20 का ज्ञान भागीदार है।

प्रो . डॉ. शालिनी भरत , वाइस चांसलर, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज और मुख्य वक्ता ने कहा कि दुनिया भर में महिलाओं को पहुंच, स्वीकृति और उत्थान में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत और जी20 देशों के लिए, विकास के विचारों और प्रथाओं के केंद्र में महिलाओं का होना महत्वपूर्ण है। लैंगिक पूर्वग्रह में महिलाओं का प्रारंभिक समाजीकरण उन्हें एसटीईएम विषयों में पाठ्यक्रम लेने से रोकता है, जिसे पुरुषों का डोमेन माना जाता है; यह सभी जी20 देशों में एक प्रवृत्ति है जिसमें स्टेम पाठ्यक्रमों में महिलाओं का नामांकन 45 प्रतिशत से अधिक नहीं है। डॉ भरत ने यह भी बताया कि महिलाओं की पसंद के विषय समाज में मौजूद लैंगिक पूर्वग्रह को दर्शाते हैं। महिला सशक्तिकरण की तस्वीर तब और जटिल हो जाती है जब हम महिलाओं को एक समरूप श्रेणी के रूप में नहीं बल्कि जाति, वर्ग, नस्ल और अक्षमता जैसे अन्य प्रतिच्छेदन कारकों के साथ देखते हैं। एमएएचई के प्रस्तावित सिफारिशों के चार्टर को लागू करते हुए, डॉ. भरत ने ऐसे डेटासेट बनाने का आह्वान किया।

## एक्ट्रेस काजल अग्रवाल बनीं बॉडीकेयर किड्स वियर की ब्रैंड एंबेसडर

**मुंबई, एजेंसी।** बच्चों के कपड़े बनाने वाली भारत की प्रमुख कंपनियों में से एक बॉडीकेयर इंटरनेशनल लिमिटेड ने सिंघम फेम एक्ट्रेस काजल अग्रवाल को किड्सवियर सेगमेंट के लिए ब्रैंड एंबेसडर के रूप में साइन करने की घोषणा की है। बॉडीकेयर पिछले 30 वर्षो से भी अधिक समय से देश के हर हिस्से में लाखों माताओं के भरोसे पर खरी उतरती आई है। कंपनी को विश्वास है कि काजल अग्रवाल के साथ यह पार्टनरशिप ब्रैंड इमेज को मज़बूती प्रदान करेगी। साथ ही कंपनी को नई ऊंचाईयों पर ले जाने में मददगार साबित होगी। बॉडीकेयर किड्स के पास बच्चों के कपड़ों और इनरवियर की स्टाइलिश और आकर्षक रेंज है। इन्हें तैयार करते समय सारा ध्यान ग्राहकों को आराम देने पर रहता है, जिससे उन्हें रैशेज की परेशानी न हो और एकदम सही फिटिंग भी मिले। आरामदायक फिटिंग के अलावा, कंपनी का विशेष ध्यान बच्चों के लिए ट्रेंडी वियर बनाने पर भी रहता है। यही वजह है कि कंपनी, बच्चों की पसंद को ध्यान में रखकर ही उनके मनपसंद प्रिंट्स में कपड़े तैयार करती है।

बॉडीकेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के डायरेक्टर श्री मिथुन गुप्ता ने किड्सवियर के लिए काजल अग्रवाल को ब्रैंड एंबेसडर बनाए जाने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, हमें काजल अग्रवाल को बॉडीकेयर परिवार में शामिल करते हुए बहुत खुशी हो रही है। वर्षो से बॉडीकेयर इंटरनेशनल लिमिटेड ने अपने सभी प्रोडक्ट्स में आराम और सही फिट को प्राथमिकता दी है और हमें विश्वास है कि हमारे ब्रांड के साथ काजल अग्रवाल का यह कोलैबरेशन ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने में मदद करेगा। अपने आकर्षक व्यक्तित्व और प्रभावशाली फैन फॉलोइंग के साथ, काजल हमें अपने ग्राहकों के साथ एक मजबूत संबंध बनाने और ब्रांड जागरूकता को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में मदद करेगी। हम साल 2030 तक 5000 करोड़ का लक्ष्य पाने की योजना बना रहे हैं। इसे पूरा करने के लिए, हम एक रणनीति के तहत आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में ही कंपनी, अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ा रही है और मौजूदा उत्पादन-क्षमता में भी वृद्धि कर रही है। 450 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटर, 18 हजार से ज्यादा रिटेलर्स और सभी प्रमुख ऑनलाइन पोर्टल्स पर मौजूदगी के साथ, बॉडीकेयर इंटरनेशनल लिमिटेड ने प्रभावी रूप से यह सुनिश्चित किया है कि उनके प्रोडक्ट्स की रेंज पूरे देश में ग्राहकों तक आसानी से पहुंच सके। इसके अलावा, 20 से ज्यादा ईबीओएस की मौजूदगी और आकर्षक फ्रेंचाइजी मॉडल एंटरप्रेन्योर्स को अनोखा अवसर देता है कि वे भी इस ब्रैंड की सफलता का हिस्सा बनकर इस अवसर का पूरा लाभ उठा सकें और भारत में बेहतर क्वालिटी के किड्सवियर की बढ़ती हुई मांग को पूरा कर सके। टॉलिवुड और बॉलिवुड में लोकप्रिय नाम, काजल अग्रवाल ने भी जोशीले अंदाज में कहा, मैं इस नए एसोसिएशन का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं, क्योंकि मुझे बॉडीकेयर जैसे ब्रैंड के साथ जुड़ना अच्छा लग रहा है, जो मेरे मनपसंद फील्ड में काम करता है।

## कोलगेट स्ट्राँग टीथ टूथपेस्ट दाँतों को मजबूत बनाने के लिए एक नए फॉर्मूला के साथ पुनः लॉन्च किया गया

**नई दिल्ली।** भारत में अग्रणी ओरल केयर ब्रांड, कोलगेट ने अपने फ्लैगशिप उत्पाद - कोलगेट स्ट्राँग टीथ टूथपेस्ट का लॉन्च एक नए फॉर्मूला के साथ किया है। इसमें कोलगेट की अद्वितीय आर्जिनाईन टेक्नॉलॉजी है, जो कैल्शियम को बढ़ाती है, यह टूथपेस्ट दाँतों को पोषण दे उन्हें दोगुना ज्यादा मजबूत बनाता है।पूरे परिवार की ओरल जरूरतों के लिए पसंद किया जाने वाला कोलगेट स्ट्राँग टीथ टूथपेस्ट अपने नए अभियान - ''पेस्ट ही नहीं, दाँतों का पोषण है ये!'' दाँतों के पोषण के महत्व को प्रदर्शित करता है।शक्करयुक्त और प्रोसेस्ड फूड बार-बार खाने से एनेमल कमजोर हो जाता है और दाँतों में कैल्शियम की कमी हो जाति है। इस प्रक्रिया को डिमिनरलाईज़ेशन कहा जाता है। इससे निपटने के लिए मुँह में मौजूदा सलाईवा दाँतों पर प्राकृतिक कैल्शियम को एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया द्वारा जमा करता जाता है, जिसे रिमिनरलाईज़ेशन कहते हैं। हमारें दाँतों को इसी प्रकार पोषण मिलता है।कोलगेट स्ट्राँग टीथ टूथपेस्ट में एक अद्वितीय, और प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला एमिनो एसिड, आर्जिनाईन है, जो फ्लोराईड के साथ मिलकर दाँतों पर प्राकृतिक कैल्शियम जमने की प्रक्रिया को बढ़ाता है, जिससे रिमिनरलाईज़ेशन में मदद मिलती है और दाँतों को पोषण मिलता है।इस अवसर पर गुंजीत जैन, मार्केटिंग डायरेक्टर, कोलगेट-पामोलिव इंडिया ने कहा, ''कोलगेट में हमारा विश्वास है कि भारत में ओरल केयर की सही आदतों का निर्माण करने पर केंद्रित रहना हमारा दायित्व है। कोलगेट स्ट्राँग टीथ टूथपेस्ट अपनी अद्वितीय आर्जिनाईन टेक्नॉलॉजी पेश कर रहा है, जो न केवल दाँतों की सफाई करें, बल्कि उन्हें पोषण भी प्रदान करें । विज्ञान के आधार पर हमें विश्वास है कि यह एडवांस्ड फॉर्मूला पहले से ज्यादा बेहतर परिणाम देगा। ''ऑल-न्यू कोलगेट स्ट्राँग टीथ टूथपेस्ट आपकी स्माईल को बनाए रखता है, और दाँतों को पोषण देकर उन्हें स्वस्थ और मजबूत बनाता है, ठीक उसी प्रकार, जैसे आप अपने बालों, स्किन और शरीर को पोषण देते हैं। यह टूथपेस्ट ऑनलाईन और ऑफलाईन उपलब्ध होगा।

## विधायक चेतन्य काश्यप श्रीमद् भागवत कथा से समाज को जोड़ने का काम कर रहे है - महामंडलेश्वर स्वामी चिदम्बरानंद सरस्वतीजी

### चेतन्य काश्यप फाउंडेशन एवं श्री हरिहर सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ

**रतलाम।** चेतन्य काश्यप फाउंडेशन एवं श्री हरिहर सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन महामंडलेश्वर स्वामी श्री चिदम्बरानंद सरस्वतीजी महाराज ने पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि कथा क्यो सुनना चाहिए और कथा का महत्व क्या है। स्वामीजी के मुखारविंद से कथा सुनने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।



स्वामी जी ने कहा कि जीवन की आपाधापी में जब हम भागदौड़ करते हुए थोड़ा सा भी समय निकालकर परमात्मा से जुड़ने का काम करते है, तो इससे बड़ा कोई सौभाग्य जीवन में हो नहीं सकता। लोगों के मन में आता है कथाएं क्यो सुननी चाहिए, इसकी आवश्यकता क्या है, मैं आपसे कहता हूं कि आपने इस बात को अनेक बार सुना होगा की जीवन में कथा व्यथा को दूर करने का काम करती है। ये बात सच है लेकिन मैं इससे हटकर थोड़ी सी बात और कहता हूं कि ये कि कथाएं वास्तिवक रूप से व्यवहारिक जीवन को आध्यात्मिक एवं सामाजिक जीवन को पूर्ण बनाने का काम करती है। कथा हर दृष्टि से आपको मार्गदर्शन देने का काम करती है।

स्वामी जी ने कहा कि धर्म की संस्कृति पूरे देश को जोड़े हुए है, ये आध्यात्म की संस्कृति है, जिसने हमको जोड़ना सिखाया। विधायक चेतन्य काश्यप श्रीमद् भागवत कथा के नाम से समाज को जोड़ने का काम कर रहे है। हमारी दृष्टि में धर्म होना चाहिए, समाज होना चाहिए, हमारी दृष्टि में मानवता होना चाहिए। हमे हमारी संस्कृति और भगवान की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। बच्चों को धर्म की जानकारी तब होगी, जब आपको होगी। कथा के माध्यम से ही व्यक्ति धर्म से जुड़ता है। रतलाम की दृष्टि से आज शोभा यात्रा ऐतिहासिक रही है। इतनी गर्मी में इतनी संख्या में महिलाएं शामिल हुई है। प्रथम दिन कथा समाप्ति के पश्चात् महाआरती की गई।

कथा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने कहा कि मैं महाराज की जन्मभूमि के क्षेत्र से आता हूं। इतने महान संत के दर्शन मुझे काश्यप जी के माध्यम से हुए। मैंने आज सुबह पड़ा बिना धर्म की राजनीति अंधी है। प्रधानमंत्री मोदी जी कल दंड चक्र के सामने साक्षात दंडवत हुए और साधु-संत उन्हे आशीर्वाद देते है, जो इस बात को साबित करता है कि फिर से हमारे सनातन धर्म की सब जगह स्थापना हो रही है।

क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली है, जिनके लिए स्वामी जी यहां आए है। भागवत कथा का सार जीवन का आनंद देती है। जीवन में सार्थकता चाहिए, इसके बिना जीवन परिपूर्ण नहीं होता। भागवत कथा से परमार्थ भी प्राप्त होता है। आनंद, सफलता और सार्थकता हमारे जीवन में इसी देह में प्राप्त हो इसके लिए हमको सौभाग्य मिलता है कि ऐसे महामुनियों से भागवत कथा सुनना।

विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि रतलाम धर्म नगरी है, यहां पर सभी का सामंजस्य है। कल संसद भवन के लोकार्पण के माध्यम से धर्म का राज्य और धर्म की नीति प्रारंभ हुई है।

## थिंकइंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड मनोरंजन किएट करने में लगी

**मुंबई, एजेंसी।** थिंकइंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड, 8/71, अंजली बंगलो, जानकी देवी पब्लिक स्कूल रोड, एस वी पटेल नगर म्हाडा, अंधेरी (वेस्ट) मुंबई 400053 महाराष्ट्र थिंकइंक पिक्चर्ज़ लिमिटेड (बीएसईः 539310) फिल्मों, वेब सीरीज, टीवी शो, कहानी लेखन आदि में अंतर्निहित सामाजिक संदेश के साथ क्यूरेटेड निराली सामग्री के माध्यम से मनोरंजन किएट करने में लगी हुई है। पेशेवर रूप से प्रबंधित संगठन, रचनात्मक प्रोडक्शन हाउस और डायरेक्शन पावर हाउस के रूप में स्थित है। यह बजटिंग, स्क्रिप्टिंग, कास्ट और क्रू, प्रोडक्शन, पोस्ट-प्रोडक्शन और डिस्ट्रीब्यूशन सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मनोरंजन के एंड-टू-एंड क्रिएशन को हैंडल करने की क्षमता रखती है। कंपनी के पास 50 से अधिक कहानियों की एक सूची है जिसमें प्रसिद्ध एम एंड ई प्लेयर्स के साथ साझेदारी में तैयार होने वाली फिल्में, वेब श्रृंखला और टीवी शो शामिल हैं। कंपनी दुनिया की अग्रणी कंपनियों और व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए सामग्री और प्रीमियम समाधानों के अभिनव वितरण के माध्यम से सामाजिक संदेश देने पर ध्यान देने के साथ एक एकीकृत मीडिया हाउस बनने की इच्छा रखती है।दो दशकों से अधिक के अनुभव के साथ कॉमेडी की दुनिया में एक प्रसिद्ध लेखक श्री राज शांडिल्य कंपनी के सीएमडी हैं। श्री विमल लाहोटी प्रतिपादित करने, वित्त पोषण, बजट योजनाओं और रणनीतियों में एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड के साथ कंपनी के संयुक्त एमडी हैं और श्री कृशानु सिंह राठौर रचनात्मक सहयोगी हैं। इससे पहले वित्त वर्ष 23 में, कंपनी ने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म ड्रीम गर्ल (2019) (जिसमें श्री आयुष्मान खुराना, सुश्री नुसरत भरुचा, श्री अन्नू कपूर और श्री विजय राज इत्यादि ने इन निर्णायक भूमिकाओं में अभिनय किया था) के सीक्वल की घोषणा की थी।

## शिव नारायण ज्वैलर्स ने 8 गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स जीत कर इतिहास रचा

**मुंबई, एजेंसी।** प्रतिष्ठित ज्वैलर शिव नारायण ज्वैलर्स प्राइवेट लिमिटेड, ने 8 गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स0 जीत कर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है तथा भारत के प्रतिष्ठित ज्वैलर के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को कायम रखा है। इस महत्वपूर्ण अवसर यादगार बनाने तथा शिव नारायण की समृद्ध विरासत का सम्मान करने के लिए हैदराबाद के ताज फालकनुमा पैलेस में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड की फैशन आइकन, दिशा पटानी (एमएस धोनीः अनटोल्ड स्टोरी फेम) सहित सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों और प्रसिद्ध हस्तियां उपस्थिति रहीं, जो शिव नारायण के हाई ज्वैलरी पीसेज में सजी रैंप पर ले गए। शाम का एक और मुख्य आकर्षण एक्सपीरियन्टल जोन था, जो रिकॉर्ड-ब्रेकिंग गहने दिखाने वाला आकर्षक अनुभव पेश कर रहा था।चार रिकॉर्ड-ब्रेकिंग कृतियों में से पहला गणेश पेंडेंट था, जो 1011.150 ग्राम पर सबसे भारी पेंडेंट के लिए शीर्षक था, और एक पेंडेंट पर 11,472 हीरों को जड़ा गया था। इस सावधानीपूर्वक दस्तकारी वाले ज्वैल की अवधारणा और बनाने के लिए साढ़े छह महीने का समय लगा। शिव नारायण ज्वैलर्स ने इसे बना कर अपनी ही पूर्व कृति राम दरबार पेंडेंट के साथ अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस शानदार पीस ने सबसे भारी पेंडेंट के लिए खिताब हासिल किया, जिसका प्रभावशाली वजन 1681.820 ग्राम था, और इस पेंडेंट पर चौंका देने वाले सबसे अधिक 54,666 हीरे सेट किए गए थे।शिव नारायण ज्वैलर्स, ब्राण्ड की तीसरी उत्कृष्ट पुरस्कार गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स0 विजेता कृति थी सतलड़ा नेकलेस। इस सतलड़ा नेकलेस में 315 एमरल्ड (पन्ना) और 1971 फाइन डायमण्ड जड़े गए थे।

## 94 प्रतिशत अंक मिलने पर किया सम्मान



**छिंदवाड़ा।** मेरिट में आए विद्यार्थियों का भाजपा सुनील परतेती उनके घर पहुंचकर कर रहे सम्मान इसी कड़ी में आज मैनी खापा निवासी कैलाश सूर्यवंशी पुत्री विशवप्रिया 10 वी एमपी बोर्ड बोर्ड में अध्ययन करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए इसी उपलक्ष में भाजपा नेता सुनील परतेती ने निवास पहुंचकर तिलक लगा कर उनका सम्मान किया साथ ही शुभकामनाएं देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसे ही जीवन में दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर अपने माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन कर निरंतर प्रगति करें इस अवसर पर भाजपा नेता रोशन सिंगनापुरे के माता पिता कैलाश सूर्यवंशी उपसरपंच मैनी खापा धुरनसा धुर्वे, शुभम साहू मोंटी सराठे,एवं अलका सूर्यवंशी सत्य प्रकाश महावीर सूर्यवंशी , उपस्थित रहे।

## नगर निगम छिंदवाड़ा वार्ड नं. 42 से कांग्रेस के उम्मीदवार राजेन्द्र स्वामी एवं परासिया वार्ड नं. 6 से श्रीमती पूजा मरकाम होगी प्रत्याशी

**छिन्दवाड़ा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओक्टे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के वार्ड क्रमांक 42 से राजेन्द्र (राजू) स्वामी पिता बीपी कृष्णराव स्वामी एवं नगर पालिका परासिया के वार्ड क्रमांक 6 से श्रीमती पूजा पति प्रवीण मरकाम कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार होंगी। श्री ओक्टे ने बताया कि संगठन द्वारा घोषित प्रत्याशी सर्वसम्मति से चयनित किये गये हैं। छिन्दवाड़ा नगर निगम वार्ड क्रमांक 42 से अधिकृत प्रत्याशी राजेन्द्र (राजू) स्वामी अपने क्षेत्र में लोकप्रिय व विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े हैं। परासिया नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 6 की अधिकृत कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती पूजा प्रवीण मरकाम संगठन की समर्पित व सशक्त कार्यकर्ता है। श्री ओक्टे ने दोनों ही वार्डों के जुझारू कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे घोषित प्रत्याशियों को सफल बनाने हेतु अपना सम्पूर्ण सहयोग प्रदान कर कांग्रेस व श्री कमलनाथ व श्री नकुलनाथ के विजयी अभियान का शुभारंभ करें।

## मतदान के समाप्त होने के 48 घण्टे पूर्व से शराब की दुकान पूर्णतः प्रतिबंधित रखने के निर्देश

**छिन्दवाड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 (पूर्वार्ध्द) के अंतर्गत जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले में आगामी 13 जून को मतदान सम्पन्न होगा । इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं कि आयोग के निर्देशानुसार शराब की दुकानें मतदान के समाप्त होने के 48 घण्टे पूर्व से बंद रखी जायें और इस अवधि में शराब के क्रय-विक्रय में पूर्णत: प्रतिबंध किया जाये तथा की गई कार्यवाही से जिला कार्यालय को तत्काल अवगत करायें ।

## निगम ने हटाया बाजार से अतिक्रमण



**छिंदवाड़ा।** जिला कलेक्टर शीतला पटले एवं निगमायुक्त राहुल सिंह के आदेशानुसार नगर निगम राजस्व टीम द्वारा गल्ला मार्केट, फब्बारा चौक, इतवारी बाजार,गर्ल्स कॉलेज के सामने, अनगढ़ हनुमान मंदिर से छापाखाना तक के क्षेत्र पर अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों को हटाया गया तथा उन्हें समझाइश दी गई कि वे अपनी दुकान की सीमा से परे जाकर या सड़क पर अपनी दुकान ना लगाएं। नगर निगम राजस्व अधिकारी साजिद खान, नरेंद्र मोहोड, मनोज पवार, विशाल पोफली, दुर्गेश रघुवंशी , गोविंद चौहान एवं टीम के साथ यातायात पुलिसकर्मी भी कार्यवाही उपस्थित थे।

## उमरेठ सचिव को जान से मारने की धमकी

**परासिया।** उमरेठ ग्राम पंचायत के सचिव तुला राम साहू के साथ विवाद करने पर पुलिस ने गांव के व्यक्ति महेंद्र अहिल्या के खिलाफ धारा 294 ,506 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। घटना को लेकर सोमवार को सचिव संगठन ने एस,डी,एम और जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन भी दिया है ।जिसमें सचिवों ने महेंद्र अहिल्या के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है ।ज्ञापन देते समय 18 सचिव शामिल रहे ज्ञापन में सचिवों का कहना था। कि तुला राम साहू पंचायत में बैठकर शासकीय कार्य निपटा रहे थे ।तभी महेंद्र अहिल्या ने आकर सचिव से नियम विरुद्ध कार्य कराने की कोशिश की कार्य नहीं करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# प्रेमिका ने कहा तुम शादी करोगे तो में आत्म हत्या कर लूंगी

### पिछले माह ही हुई थी प्रेमिका की शादी लड़की पक्ष को लौटाया दहेज का सामान, चर्चा का विषय बनी शादी

**छिंदवाड़ा।** सिवनी मार्ग पर एक लॉन में साहू समाज के विवाह की रश्म पूरी होनी थी लेकिन दुल्हा अपनी प्रेमिका के पहुंचने पर शादी कैंसिल कर दी और साथ निकल गया यह शादी शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जाता है कि बौहनाखेरी के एक युवक की शादी सिवनी जिले के आदेगांव में तय हुई थी लड़की पक्ष के लोगों को छिंदवाड़ा आकर शादी करना था लॉन में सारे कार्यक्रम तय हो गए थे लेकिन जब लड़के की प्रेमिका को पता चला कि शादी लॉन से हो रही है। तो वह सीधे लॉन पहुंच गई और शादी के कार्यक्रम में शादी कैंसिल कराने की जिद करने लगी आश्चर्य का विषय है कि शादी लड़के पक्ष के लोगों को कैंसिल करनी पड़ी और इसकी सूचना



उन्होने लड़की पक्ष के लोगों को दी छिंदवाड़ा से 10 लोग आदेगांव पहुंचे और लड़की पक्ष के लोगों से चर्चा कर शादी में जो दहेज देना तय हुआ था वह सब वापस किया गया। बताया जाता है कि लगुन में लड़के पक्ष के लोगों को चार पाहिया वाहन का पैसा दिया गया था। जिसे शादी कैंसिल होने के बाद लड़की पक्ष के लोगों वापस दे दिया गया। यह शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। हालाकि इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई सब आपसी बातचीत से मामला सुलझ गया। थाने तक जानकारी नहीं पहुंची कुंडीपुरा थाना प्रभारी श्री भगत से जब यह पूछा गया तो उन्होने कहा कि इसकी जानकारी उन्हें नही है।

## सागौन की अवैध सिल्लियां पकड़ाई

### वन परिक्षेत्र अंतर्गत अवैध वनोपज जप्ती कार्यवाही की



सौंसर। मुखबिर की सूचना के आधार पर उपवनमंडलाधिकारी सौंसर प्रमोद चोपडे द्वारा जारी सर्व वारंट के साथ कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी सौंसर शिवशंकर चतुर्वेदी एवं परिक्षेत्र के स्टॉफ द्वारा रिशभ पिता रमेश गवली निवासी इंदिरा आवास कॉलोनी सौंसर में तलाशी ली गई तलाशी में मकान में रखी अवैध वनोपज सागौन सिल्लीयां 5 नग = 0.158, सागौन चिरान 52 नग 0.181 जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1831/76 दिनांक 28.05.23 पंजीबद्ध किया गया, तत्पश्चात् श्रीकांत पिता रमेश गवली निवासी इंदिरा आवास कॉलोनी सौंसर के श्री फर्नीचर मार्ट की तलाशी ली गई श्री फर्नीचर मार्ट में रखी अवैध वनोपज सागौन चिरान 51 नग=0.288 तथा मौके पर उपलब्ध विद्युत कटर मशीन जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 1831/77 दिनांक 28.05.23 पंजीबद्ध किया गया प्रकरणों में अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में परिक्षेत्र अधिकारी सौंसर शिवशंकर चतुर्वेदी एवं परिक्षेत्र के स्टॉफ दादाजी भकने, प.स. सौंसर, इन्द्रपालसिंह कुड़ापे, प.स. नन्देवानी, सिरपत पटवारी, प.स. मर्राम, मो. असलम खान, प.स. मोहगांव एवं वनरक्षक अरविंद बन्सोड़, रेवाराम गजाम, अखिलेश शर्मा, शादाब कुरेशी, रवि जाटव, विजय वरोकर, सुनिता भारती विशाखा सोनी आदि का सहयोग रहा।

## उमरेठ-मोरडोंगरी-परासिया मार्ग पर बसों जाँच की

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त म.प्र. और कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग द्वारा अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज कुमार तेहनगुरिया के मार्गनिर्देशन में परिवहन जांच दल द्वारा आज उमरेठ-मोरडोंगरी-परासिया मार्ग पर सभी बसों की बारीकी से जाँच की गई जिसमें कुछ यात्री बसों में खामियां पाये जाने पर संबंधित बस संचालकों पर जुर्माना की कार्यवाही की गई। इस मार्ग पर बस संचालकों द्वारा यात्रियों से बलपूर्वक अधिक किराया लेने और क्षमता से अधिक सवारी बसों में बैठाया जाना, वाहनों मे किराया सूची नहीं लगी पाये जाने की मिल रही शिकायतों को देखते हुए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री तेहनगुरिया द्वारा परिवहन जाँच दल के साथ परासिया मार्ग पर सवारी बसों का फिटनेस संबंधी भौतिक निरीक्षण कर बारीकी से जाँच की गई जो कि आने वाले समय मे निरंतर जारी रहेगी और जिस वाहन में कुछ विशेष खामियां पाई जाती है तो उन वाहनों की यथा स्थान सवारी खाली करवाकर उस सवारी वाहन का तत्काल फिटनेस निरस्त किया जायेगा ।

## प्रदेश में सरकारी स्कूलों से अच्छे रहे निजी स्कूलों के रिजल्ट

### प्राईवेट स्कूलों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार

**चौरई।** वर्तमान सत्र 2023 के हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणाम शासन द्वारा घोषित किया गया जिसमे सम्पूर्ण मध्यप्रदेश का ही रिजल्ट बहुत कम आया है किन्तु इन परिस्थितियों में भी प्राईवेट स्कूलों के परिणामों ने ही शिक्षा के स्तर को बनाए रखने में कामयाबी पाई है। अशासकीय शाला संघ छिन्दवाड़ा के अध्यक्ष आन्तनु दासगुप्ता द्वारा जानकारी दी गई है कि आज जो परीक्षा परिणाम आया है वह केवल प्राईवेट स्कूलों के अथक प्रयासों से ही सफल हो पाया है, किन्तु उसके बाद भी शासन के द्वारा नित्य नए नियम बनाकर प्राईवेट स्कूलों में दबाव बनाया जा रहा है जैसे 1, हाईस्कूल व हायरसेकेण्डरी संचालन के लिए पृथक-पृथक मान्यता व सम्बद्यता शुल्क के नाम पर भारी धनराशि लेना 2,हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी के परीक्षा षुल्क में दुगना वृद्धि किया जाना 3, अन्य शुल्क (क्रीड़ा शुल्क,रेडक्रॉस व स्काउट गाईड शुल्क ) में भी भारी वृद्धि की गई, ऐसा प्रतीत होता है कि शासन का केवल प्राईवेट स्कूलों से राशि के वसूली किया जाना ही मुख्य उद्देष्य है ।उपाध्यक्ष भुजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कि वर्तमान के परीक्षा परिणामों में जो मेरिट सूची आई है उसमें भी आप सभी स्पष्ट देख सकते है प्राईवेट स्कूलों के बच्चे 75 प्रतिशत से अधिक है एवं जो बच्चे शासकीय मेरिट लिस्ट में शामिल है वे बच्चे भी अपनी प्रारंभिक शिक्षा किसी न किसी प्राईवेट स्कूलों से ही करके निकले हुए है अर्थात् यह स्पष्ट होता है कि प्राईवेट स्कूल ही शिक्षा के प्रति बच्चो को जागरूक कर शिक्षा के महत्व को समझा पाए है मध्यप्रदेश के मुखिया (श्री शिवराज सिंह चैहान ) को एक बार पुन: सोचना चाहिए कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के मुख्य हकदार कौन से बच्चे होने चाहिए 5 प्रतिशत की छूट शासकीय संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्रो को दिए जाने का निर्णय किया गया ,क्या यह दोयम दर्जे का या भेदभाव पूर्ण नीति क्यो बनाई जा रही है क्या जो बच्चे प्राईवेट स्कूलों में पढ़ रहे है क्या वे आपके प्रदेश के नागरिक नहीं है ऐसा लगता है कि प्रदेश मुखिया प्राईवेट स्कूलों में दर्ज संख्या कम कराने के चक्कर में बच्चों के साथ भी भेदभाव करने से नही चूक रहे है। इस स्थिति में पालकों को भी सोचना होगा की मध्यप्रदेश शासन की नीति क्या उनके बच्चों के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वाह करेगी अथवा उच्चस्तर के शिक्षा होने के बाद भी उन्हे मेडिकल कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण संस्था से वंचित किया जाएगा ।संघ के संरक्षक विनोद तिवारी द्वारा कहा गया है कि वर्तमान शासन के द्वारा पूर्व से जारी प्रदेश मे नि:शुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आर.टी.ई. की फीस प्रतिपूर्ति प्रत्येक सत्र के अंत में अर्थात् माह अप्रैल में दिया जाना राजपत्र के अनुसार निश?चित है किन्तु प्रदेश सरकार के द्वारा यह राशि प्राईवेट शिक्षण संस्थाओं में अस्थिरता लाने की मंशा से 2 से 3 वर्ष का समय लगा देती है जिससे प्राईवेट स्कूल आर्थिक मंदी से जूझते हुए स्वत: ही बन्द हो जाए। जबकि मध्यप्रदेश शासन आज के समय में नित्य नए आर्थिक पैकेज अन्य योजनाओं में तैयार कर मुफ्त की रेवड़ियॉ बॉट रही है जिससे अधिक वोटों की संख्या प्राप्त कर सके।



**छिंदवाड़ा। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा की प्रदेश प्रावीण्य सूची और जिला प्रावीण्य सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया।**

## गायत्री प्रज्ञा मंदिर का भूमिपूजन कार्यक्रम आज

**अमरवाड़ा-** गायत्री परिवार के द्वारा अमरवाड़ा में गायत्री प्रज्ञा मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। गायत्री परिवार के सीएल विश्वकर्मा दिनेश नेमा नरेश सोनी के द्वारा बताया गया कि गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के पावन पर्व पर नरेंद्र तिवारी की कॉलोनी ज्ञानदीप स्कूल के पास गायत्री प्रज्ञा मंदिर का भूमि पूजन कार्यक्रम 30 मई दिन मंगलवार को प्रात: 9ः00 बजे से रखा गया है जिसमें प्रात: 7ः00 से 8ः00 तक अखंड जप 8ः00 बजे से प्रात: 9ः00 बजे तक देव अर्चन एवं यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन होगा प्रात: 9ः00 भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## शिवराज सरकार का कमाल, महाकाल लोक में गोलमाल: बक्षी

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित भगवान महाकाल के परिसर में अरबों रुपये की लागत से महाकाल लोक बनाकर शिवराज सरकार ने बड़े जोर शोर से इसे भक्तो के लिए उपलब्धि बताया था परंतु विगत दिनों महाकाल लोक की मूर्तियों के खंडित होने से इसकी कलई खुल गयी। शहर काँग्रेस समन्यवक एवं धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आनंद बक्षी ने मूर्तियों के टूटने एवं खंडित होने की घटना की कड़ी निंदा की है। आनंद बक्षी ने बताया कि महाकाल लोक के निर्माण का ठेका गुजरात की कंपनी को दिया गया था। प्रश्न यह है कि इस कंपनी द्वारा मूर्तियों की मजबूती की गारंटी देने के बावजूद हल्की सी हवा चलने पर सप्तऋषियों की मूर्तियां खंडित हो गयी तथा उखड़ कर गिर गयी। इस घटना से सनातन धर्मावलंबी एवं महाकाल के भक्तो में गहरा आक्रोश है ।शिवराज सरकार का यह कमाल, महाकाल लोक में भी गोलमाल भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। महाकाल के भक्तों की धार्मिक आस्थाओं का दोहन है ।मध्यप्रदेश काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ जी ने इस घटना के भ्रष्टाचार की जाँच की मांग की है ।धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ ने महाकाल भक्तों की भावनाओ से हुए खिलावाड़ तथा गुजरात की कंपनी द्वारा किये गए घटिया निर्माण की विशेष समिति से जाँच करवाने की मांग की है।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना रेहड़ी पटरी वालों के लिए बनी वरदान

### नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला फेरी एंव रेहड़ी वालो की महापंचायत



**छिंदवाड़ा ।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र के हाथ ठेला फेरी एंव रेहड़ी वालो की महापंचायत सम्मेलन का आयोजन माननीय मुख्यमंत्री जी के निवास स्थल पर दिनाकं 29/05/202 किया गया जिसमें शहरी पथ विक्रेताओं/हाथ ठेला चालक की समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गयी। जिसका सीधा प्रसारण भोपाल से पुरानी नगर पालिका स्थित टाउनहाल मे हुआ। जिसमे क्षेत्र के जिला भाजपा अध्यक्ष विवके बंटी साहू, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेन्द्र राय, संतोष राय, शिव मालवी, देवी सिंह चौरिया, दिनेशकांत मालवी,भरत घई, अंकुर शुक्ला, माइकल पहाड़े, आयुक्त नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा आयुक्त राहुल सिंह एवं सहायक आयुक्त अशोक बमो़लिया, सहायक यंत्री विवेक चैहान, सहायक यंत्री ब्रजेश पाण्डे, कार्यालय अधीक्षक मोहन नागदेव, सिटी मिशन मैनेजर उमेश पयासी व डॉ सेवंती पटेल एवं विभाग के अधीकारी /कर्मचारी की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम किया गया । इस आयोजन में उपस्थित 20 पथ विक्रेताओं का 10हजार,20 हजार, 50 हजार के स्वीकृत पत्रक अथितियों के माध्यम से दिया गया तथा विभिन्न बैंको द्वारा 120 प्रकरण स्वीकृत एवं वितरण किये गये। ज्ञात हो कि यहा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना वर्तमान में भी क्रियान्वन में है नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा आज दिनांक तक कुल पंजीकृत आवेदन 8469 में से 6685 वितरण किया गया है। सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती पर निशुल्क नेत्र शिविर 31 को

**छिंदवाड़ा।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 298 जयंती समारोह के



उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश साशन के कैविनेट मंत्री छिन्दवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री कमल पटेल व भाजपा के जिला अध्यक्ष की गरिमा मय उपस्थित में सम्पन्न होगाविशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर व नेत्र शिविर, जिसमें मोतिया विंद के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा, जिसमें नेत्र जाँच, चश्मा वितरण, आपरेशन दवा वितरण की निशुल्क व्यवस्था नेत्र शिविर लांयन्स क्लब परासिया द्वारा किया जा रहा है कार्यक्रम दिनाक 31 मई दिन बुधवार 2023 कार्यक्रम का समय 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यक्रम स्थल लोकमाता अहिल्याबाई होलकर वाटिका शिवपुरी रोड राय भवन के पास गाडरी ढाना खजरी वार्ड नंबर 3 छिंदवाड़ा, आयोजक राष्ट्रीय धनगर पाल गडरिया बघेल समाज महासंघ छिंदवाड़ा द्वारा यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर निशुल्क नेत्र शिविर स्वास्थ्य शिविर व जिसमें बीपी शुगर डॉक्टर नितेश पाल द्वारा इलाज किया जावेगा।

### निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस कैंप आज

**परासिया।** सनातन धर्म समिति चांदामेटा परासिया के तत्वाधान में कल मंगलवार को वर्कर्स क्लब में स्टेट बैंक के सामने महिलाओं एवं युवतियों के लिए निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया जाएगा सनातन धर्म समिति के संरक्षक हरीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि दस्तावेज के रूप में दसवीं की मार्कशीट उसकी फोटो कॉपी, एक फोटो, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा उपरोक्त कार्यक्रम में ज्योति डेहरिया, सनातन धर्म समिति के संयोजक राजकुमार सिंह, उदिता यादव ने उपस्थिति की अपील की।

## आप छिंदवाड़ा का भविष्य हैः कमलनाथ

### युवाओं को नेताद्वय ने वितरित किये प्रमाण पत्र



छिन्दवाड़ा। जिले के युवाओं के लिये बेहतर शिक्षा के माध्यम से रोजगार के अवसर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के सांसद नकुलनाथ के प्रयत्नों से उपलब्ध कराये जा रहे हैं। नेताद्वय की अथक कोशिशों से जिले के 330 युवाओं को टीसीएस का निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। समस्त सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को आज प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ ने प्रमाण पत्र प्रदान किये ।देश की नंबर एक आईटी कंपनी टीसीएस से यूथ एम्प्लॉयमेंट प्रोग्राम का प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों को निज निवास शिकारपुर में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं सांसद नकुलनाथ ने प्रमाण पत्र प्रदान किये। प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों से श्री कमलनाथ ने कहा की आप छिंदवाड़ा का भविष्य है। आगे भी निरंतर मेहनत करते रहना। कार्यक्रम के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए संयोजक श्रीमती कीर्ति सोनी ने बताया की टीसीएस के सहयोग से सोनी कम्प्यूटर एजुकेशन में जिले के 330 युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर सफल विद्यार्थियों को नेताद्वय द्वारा प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। टीसीएस वाईपी के लीड एचआर विजय पटेल ने प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को आगामी दिनों में इंटरव्यू आयोजित कर नौकरी के अवसर प्रदान किये जाने की जानकारी दी। टीसीएस वायईपी डिलीवरी मैनेजर अनुपम बरुआ ने एक्युटि एवं कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव की जानकारी विस्तृत रूप से प्रदान की। जल्द ही टीसीएस वाईपी का प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के लिए नागपुर में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जावेगा। कार्यक्रम में सोनी कंप्यूटर एजुकेशन के डायरेक्टर मनोज सोनी, विश्वेश चंदेल, उमेश माहोरे, रजोल खीरवड़कर, आदित्य सेठिया, हेमंत खीरवड़कर, अनमोल सोनी, एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## यूरिया खरीदी केंद्रों में बनाई व्यवस्था दिए निर्देश

अमरवाड़ा। नगर के मार्केटिंग सोसायटी और शिक्षक कॉलोनी सोसाइटी मैं एसडीएम वैशाली जैन ने निरीक्षण किया वही तहसीलदार छवि पंथ और नगर निरीक्षक मोहन सिंह द्वारा यूरिया खाद लेने वाले किसानों की व्यवस्था बनवाई जानकारी के अनुसार गंज बाजार मार्केटिंग सोसायटी और शिक्षक कॉलोनी गोडाउन से किसानों को यूरिया दी जा रही है लेकिन यहां किसानों के द्वारा बड़ी संख्या में आकर व्यवस्था बिगाड़ रहे थे जैसे ही इसकी जानकारी तहसीलदार छवि पंथ को लगी तो उन्होंने नगर निरीक्षक मोहन मस कोले और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश दी और उन्हें व्यवस्थित करवाया और सोसाइटी प्रबंध को कहा कि आप व्यवस्था बनाकर सभी किसानों को यूरिया दें

## रोटरी क्लब प्राइड की अध्यक्ष बनी नीलाम डोडानी, सचिव अंजली नायक और कोषाध्यक्ष निधि अग्रवाल

### छिंदवाड़ा के पहली बार बना रोटरी बुमेम्स क्लब पदाधिकारीयो ने नामो की हुई घोषणा



छिंदवाड़ा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सेवा भावी संस्था रोटरी क्लब में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ा है छिंदवाड़ा में नए बुमेम्स रोटरी क्लब की शुरआत हुई। रविवार शाम 5ः30 बजे शहर के मध्य स्थित होटल नैवैध्यम में रोटरी क्लब आफ छिंदवाड़ा प्राइड की पहली महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमे सभी मेंबर्स का विशेष रूप से पुष्प देकर स्वागत तथा सम्मान किया गया इस अवसर रोटरी क्लब 3040 छिंदवाड़ा के रीजनल क्वाडिनेटर रोटेरियन संदीप चंदेल, क्लब प्रेसीडेंट रोटेरियन मनोज अग्रवाल, क्लब सेक्रेटरी रोटेरियन विनोद तिवारी ,और क्लब ट्रेजरार अरविन्द अग्रवाल का स्वागत बुके भेट कर किया गया तत्पश्चात रोटरी क्लब के रीजनल कोडिनेटर संदीप सिंह चंदेल ने जिन पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की एवम सभी पदाधिकारीयो का बुके भेट कर स्वागत किया गयाउसमे रोटरी क्लब छिंदवाड़ा प्राइड की प्रेसिडेंट नीलम डोडानी, सचिव अंजलि नायक , कोषाधक्ष निधि अग्रवाल फाउडेशन चेयर पर्सन डा.बरखा बेदी मेंबरशिप चेयर पर्सन डा.अंजू चौहान का स्वागत कर कार्यभार सौंपा गया और सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर क्लब में आगे होने वाले प्रोजेक्ट की चर्चा की गई ।रोटरी क्लब ,आफ छिंदवाड़ा प्राइड क्या प्रोजेक्ट कर सकते है उसका स्वरूप कैसा हो संबंधित विषयों में चर्चा की गई जिसमे सर्व सम्मति से बैठक में उपस्थित अनिता बत्रा, जया गोकलानी ,कोमल जैन, स्वाती जैन ,काजल मिश्रा ,पूजा मदान ,केतकी राजपूत और कृषिका गोकलानी समस्त रोटरी क्लब आफ छिंदवाड़ा प्राइड पदाधिकारीयो,चार्टर मेंबर्स ने निर्णय लिया कि दिए नियमावली अनुसार सभी मेंबर्स कार्यों का संचालन करेंगे।इस अवसर पर संदीप सिंह चंदेल ने क्लब के नियम कानून एवम प्रोजेक्ट की विस्तृत जानकारी प्रदान की।मनोज अग्रवाल ने रोटरी क्लब के प्रोजेक्ट की जानकारी प्रदान की सचिव विनोद तिवारी ने सचिव के की जानकारी साझा की।

## जैनत्व संस्कार आवासीय शिक्षण शिविर में 2 सौ से अधिक शिविरार्थी हुए सम्मिलित

### वीतराग भवन में आठ दिन चलेगा शिविर




छिन्दवाड़ा - बच्चों सहित युवा पीढी में नैतिक शिक्षा, सदाचार सहित जैनदर्शन के मुख्य सिद्धांतों का बीजारोपण करने के मुख्य उद्देश्य से श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला के सँयुक्त तत्वावधान में रविवार के शुभ दिन नगर के अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित वीतराग भवन में आठ दिवसीय जैनत्व संस्कार आवासीय शिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। फेडरेशनसचिव दीपकराज जैन ने बताया कि संस्कार शिविर का मंगलमय शुभारंभ श्री आदिनाथ जिनालय में देव - शास्त्र - गुरु भगवंतों की पूजन से हुआ पश्चात सभी शिविरार्थियों ने स्वाध्याय भवन से वीतराग भवन तक अहिंसा रैली निकाल कर जनमानस को जियो ओर जीने दो सहित सत्य अहिंसा का संदेश दिया।

**ये रहे सौभाग्यशाली परिवार** त्न अहिंसा रैली के पश्चात वीतराग भवन में ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ हुआ जिसका सौभाग्य शिविर आमंत्रणकर्ता परिवार गोविंदप्रसाद, अभिषेक, सौरभ, शेषमणी जैन परिवार को मिला वहीं शिविर का उदघाटन मण्डल के अध्यक्ष शांतिकुमार, मुकेशकुमार, अखिलेश पाटनी परिवार द्वारा किया गया। शिविर कार्यालय का उदघाटन सुरेन्द्रकुमार, सौरभकुमार, सनिल कुमार जैन परिवार द्वारा किया गया।

**राष्ट्रीय विद्धत समागम मिला** -आठ दिवसीय संस्कार शिविर में जैनदर्शन के राष्ट्रीय विद्वान एवं शिक्षण शिविर विशेषज्ञ युवा विद्वान पं. विराग शास्त्री जबलपुर, पं. संजय सिद्धार्थी इंदौर, पं. अमन शास्त्री आरोन, पं. प्रांजल शास्त्री मुम्बई, पं. अंकुर शास्त्री खरेडी, पं. मयंक शास्त्री बंडा एवं पं. निखिल शास्त्री इंदौर द्वारा शिविरार्थियों को नई तकनीकी के माध्यम से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। सभी विद्वानों का मण्डल के मंत्री अशोक वैभव, फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन, पाठशाला संचालक वर्षा पाटनी, आर्य जैन सहित प्रकाश अहिंसा, गौरव पाटनी, प्रशम जैन, सुनील जैन, समकित जैन, अंकेश जैन द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंगलाचरण पं. ऋषभ शास्त्री छिन्दवाड़ा, गाथा जैन इंदौर एवं ईर्या जैन जबलपुर द्वारा किया गया।

**शिविरार्थियों को बांटी गई किट** - उदघाटन सभा में सभी आगंतुक विद्धानों ने शिविर का महत्व बताकर उनका वर्गवार कक्षाओं का निर्धारण किया पश्चात सभी शिविरार्थियों को शिविर आमंत्रणकर्ता परिवार द्वारा शिविर किट वितरण की गई। सचिन जैन एवं वर्धमान जैन ने बताया कि आठ दिवसीय शिविर का शुभारंभ प्रातः 7 बजे श्री आदिनाथ जिनालय में श्री जिनेन्द्र पूजन से होगा पश्चात 9 बजे से वीतराग भवन में प्रथम कक्षा एवं 10 बजे से सामूहिक कक्षा लगेगी। दोपहर 3 से 4.30 तक विविध कक्षाएं, रात्रि 7.30 से सामूहिक कक्षा, 8.30 से भक्ति एवं 9 बजे से विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे



## मुख्यमंत्री ने नीम अमरुद और मोलश्री के पौधे लगाए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में नीम ,अमरूद और मौलश्री के पौधे लगाए। इस अवसर पर अभय सिंह चौहान, मनोज चतुर्वेदी ने जन्मदिवस पर पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री के साथ शाजापुर एवं इंदौर के सोम जी परमार, कमल चौधरी, निलेश पाटीदार और विवेक वर्मा ने भी पौधरोपण में हिस्सा लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री अंतर सिंह आर्य भी उपस्थित थे।

# मौसम: ग्वालियर, चंबल में आंधी-पानी का ऑरेंज अलर्ट, गुना, श्योपुर में ओले गिरने के आसार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में आंधी और बारिश की वजह से नौतपा बेअसर हो रहा है। मौसम विभाग ने मंगलवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां अगले 3 दिन तेज हवा और बारिश होने के आसार हैं। हवा की स्पीड 50यद्ब प्रतिघंटा या इससे ज्यादा तक हो सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर में भी मौसम बदला रहेगा। यहां रात में गरज-चमक के साथ आंधी और बारिश हो सकती है।

पिछले 24 घंटे में सिवनी में 2.4 मिमी, सतना में 0.4, गुना में 0.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। सोमवार को राजधानी भोपाल में 40यद्ब प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। इससे कई जगह पेड़ गिर गए। इंदौर में भी तेज हवाएं चलीं। शाजापुर में बिजली के तार टूट गए। गुना, छिंदवाड़ा और रीवा में रविवार



को 1 इंच से ज्यादा पानी गिरा। उज्जैन में आंधी, फिर बारिश के बीच महाकाल लोक में सप्तऋषि की 7 में से 6 मूर्तियां गिर गईं।

**प्रदेश में सामान्य से 348 प्रतिशत ज्यादा बारिश-** मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश में 1 मार्च से अब तक 77.1 मिमी बारिश हो चुकी है। यह अब तक की सामान्य बारिश 17.2 से 348 प्रतिशत ज्यादा है। भोपाल जिले में अब तक 121.3 मिमी बारिश हो चुकी है। यह अब तक की सामान्य बारिश 21 मिमी से 477 प्रतिशत ज्यादा है।

### गुना और श्योपुर में ओलावृष्टि की चेतावनी

मौसम विभाग ने गुना और श्योपुर में ओले गिरने का अनुमान जारी किया है। इंदौर, उज्जैन, रीवा, नर्मदापुरम, भोपाल और सागर संभाग के साथ अनूपपुर, जबलपुर, मंडला और सिवनी जिलों में कहीं-कहीं हवा की रफ्तार तेज हो सकती है। राजधानी भोपाल की बात करें, तो यहां 30-31 मई को बारिश हो सकती है। 1 जून को बादल छाए रहने और 2 जून को मौसम साफ रहने का अनुमान है।

### कई शहरों में तापमान लुढ़का, पचमढ़ी सबसे ठंडा

बारिश का दौर जारी रहने से भोपाल, इंदौर समेत कई शहरों में दिन का तापमान लुढ़क गया है। सोमवार की बात करें, तो भोपाल में अधिकतम तापमान 36.7, इंदौर में 35.0, ग्वालियर में 35.8 और जबलपुर में 37.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा तापमान सीधी-खरगोन में रहा। यहां पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। पचमढ़ी में सबसे कम 32 डिग्री तापमान रहा। कई शहरों में रात का पारा 20 डिग्री से नीचे पहुंच गया है।

# वरिष्ठता के लिए वन रक्षकों ने शुरू किया जन जागरण आंदोलन

**भोपाल।** दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से 2008 में वन विभाग में वनरक्षक पद पर नियमित हुए वन रक्षकों ने आज पदोन्नति एवं पुरानी पेंशन योजना के लाभ के लिए दैनिक वेतन भोगी के रूप में की गई सेवा की वरिष्ठता देने की मांग को लेकर भोपाल के इंदिरा निकुंज नर्सरी 74 बंगला भोपाल से जन जागरण आंदोलन शुरू किया जन जागरण आंदोलन के तहत आज मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए गए वनरक्षको के जन जागरण आंदोलन का अशोक पांडे महेंद्र राय हरि सिंह गुर्जर प्रेम लाल त्रिपाठी उमाशंकर कटरे दीपक गुर्जर लव प्रकाश पाराशर दिनेश श्रीवास्तव सलमान खान रामकुमार रघुवंशी आशीष शर्मा संजय तंवर संजय बादशाह रमाकांत श्रोती आदि सैकड़ों वन रक्षकों ने समर्थन किया है।

मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि दैनिक वेतन भोगी से वनरक्षक पद पर नियमित हुए वन रक्षकों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में की गई सेवाकाल की वरिष्ठता नियमित नियुक्ति के 16 साल बाद भी नहीं दी गई है जबकि वनरक्षक पद पर नियमित नियुक्ति देते समय दैनिक वेतन भोगी




कर्मचारी के रूप में सेवा काल को आयु सीमा में छूट देने के लिए मान्य किया गया था सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश पारित किए है कि नियमित नियुक्ति प्राप्त कर्मचारी को।

### विभाग में प्रथम नियुक्ति दिनांक से

वरिष्ठता दी जाए तथा वरिष्ठता का लाभ पदोन्नति एवं पूर्ण पेंशन पात्रता गणना के लिए दिया जाए लेकिन सरकार ने वन विभाग में 2008 में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से वनरक्षक पद पर नियमित हुए 3454 वन रक्षकों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में गई में की गई सेवा काल की वरिष्ठता का लाभ नहीं दिया है जिस कारण वन रक्षकों ने सरकार विभाग का ध्यान आकर्षित करने के लिए जन जागरण आंदोलन प्रारंभ किया है आंदोलन के प्रथम चरण में आज सरकार के मुखिया तथा वन विभाग के मुखिया से वरिष्ठा प्रदान करने का मांग पत्र के माध्यम से अनुरोध किया।

# मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा अर्जित अनुपातहीन संपत्ति की उच्च स्तरीय जांच कराये सरकार: कांग्रेस

### मंत्री से इस्तीफा लिया जाये: पुनीत टंडन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी जेपी धनोपिया और मप्र कांग्रेस सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टण्डन ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में आरोप लगाया है कि मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा अपने मंत्रित्व काल में अर्जित अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की है। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि मंत्री के संपूर्ण कार्यकाल की उच्चस्तरीय जॉच कमेटी गठित कर जॉच कराई जाए। जांच अवधि के दौरान मंत्री भूपेन्द्र सिंह से इस्तीफा भी लिया जावे।

नेताद्वय ने कहा कि भूपेन्द्र सिंह एवं उनके परिवार द्वारा वर्ष 2008 से वर्ष 2018 के मध्य अकूत संपत्ति एकत्रित की गई है तथा वर्ष 2018 के उपरांत भी मंत्री भूपेन्द्र सिंह, उनके परिवार व उनके निकट रिश्तेदारों द्वारा करोड़ों रूपये की आय से अधिक संपत्ति एकत्रित की गई है जो कि भूपेन्द्र सिंह



द्वारा विधानसभा चुनाव वर्ष 2008, लोक सभा चुनाव वर्ष 2009, विधानसभा चुनाव वर्ष 2013 एवं विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 के दौरान उनके द्वारा चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत शपथ पत्रों से स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होता है। वर्ष 2013 एवं 2020 में प्रकाषित ए.डी.आर. रिपोर्टो को भी आधार बनाते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा मध्यप्रदेष में पिछ्ले लगभग 19 वर्षो के शासन के दौरान अपने मंत्रियों के माध्यम से प्रदेश की जनता के साथ छ्ल कर भारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है तथा शासकीय योजनाओं में घोटाले करते हुए भाजपा के मंत्रियों ने अनुपातहीन संपत्तियां अर्जित की हैं।

